

सूर्योदय : 06.26 बजे

सूर्यास्त : 05.34 बजे

शुक्रवार, 18 नवम्बर 2022

वर्ष-2-अंक 321

मूल्य 2 पृष्ठ 8

e-mail: aknewstv2@gmail.com

RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित




## पीएम अरुणाचल के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का कल करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे डोनी पोलो का उद्घाटन करेंगे। संपर्क, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के मकसद से ईटानगर के होलोंगी में 690 एकड़ के भूभाग में इस नए हवाई अड्डे को 646 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया गया है। बयान में कहा गया कि ईटानगर का हवाई अड्डा हर मौसम में दिन भर संचालन के योग्य है। पीएमओ के अनुसार, इस हवाई अड्डे का नाम राज्य की परंपराओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक सूर्य (डोनी) और चंद्रमा (पोलो) के प्रति लोगों की श्रद्धा को दर्शाता है। बयान के अनुसार हवाई अड्डा टर्मिनल एक आधुनिक इमारत है, जो ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और संसाधनों के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री 600 मेगावाट क्षमता वाले कामेंग जल विद्युत स्टेशन भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

पीएमओ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी का भी दौरा करेंगे और इस दौरान वह काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में काशी-तमिल समागम का भी उद्घाटन करेंगे।

# सावरकर ने माफी मांगकर अंग्रेजों की मदद की थी : राहुल

एजेंसी ■ अकोला



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि विनायक दामोदर सावरकर ने अंग्रेजों की मदद की थी और कारागार में रहने के दौरान उन्होंने डर के कारण माफीनामे पर हस्ताक्षर करके महात्मा गांधी और अन्य समकालीन भारतीय नेताओं को धोखा दिया था। राहुल गांधी ने गत मंगलवार को भी वाशिम जिले में आयोजित एक रैली में हिंदुत्व विचारक सावरकर पर निशाना साधा था। इस बीच, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी वी. डी. सावरकर का बहुत सम्मान करती है और वह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी से सहमत नहीं हैं। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा थाकि वह स्वतंत्रता सेनानी के बारे में पूरी तरह झूठ बोल रहे हैं।

राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को विनायक सावरकर के माफीनामे की एक प्रति दिखाते हुए एक बार फिर से निशाना साधा। उन्होंने दावा किया, सावरकर जी ने अंग्रेजों की मदद की। उन्होंने अंग्रेजों को चिट्ठी लिखकर कहा - सर, मैं आपका नौकर रहना चाहता हूं। राहुल गांधी ने यह भी कहा, जब सावरकर जी ने माफीनामे पर हस्ताक्षर किए तो उसका कारण डर था। अगर वह डरते नहीं तो वह कभी हस्ताक्षर नहीं करते। इससे उन्होंने महात्मा गांधी और उस वक्त के नेताओं के साथ धोखा किया।

उन्होंने कहा कि देश में एक तरफ महात्मा गांधी की विचारधारा है और दूसरी सावरकर से जुड़ी विचारधारा है। इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे कांग्रेस नेता ने यहां संवाददाताओं से कहा, भारत में पिछले आठ साल से डर का माहौल है। नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। शायद भाजपा के नेता किसानों और युवाओं से बात नहीं करते। अगर वो बात करते तो पता चलता कि युवाओं और किसानों को आगे रास्ता नजर नहीं आ रहा है। इस माहौल के खिलाफ खड़े होने के लिए हमने यह यात्रा शुरू की है। राहुल गांधी ने कहा, अगर लोगों को लगता कि इस यात्रा की जरूरत नहीं है तो वो लाखों की संख्या में बाहर नहीं निकलते।

कांग्रेस नेता ने दावा किया, आमतौर पर लोकतंत्र में एक राजनीतिक दल दूसरे राजनीतिक दल से लड़ता है। संस्थाएं इस लड़ाई के मैदान में निष्पक्षता कायम रखती हैं। आज ऐसा नहीं है। आज एक तरफ देश की सभी संस्थाएं खड़ी हैं। भाजपा का मीडिया, संस्थाओं पर नियंत्रण है। न्यायपालिका पर दबाव डाला जाता है। उनका कहना था, हमने यात्रा इसलिए शुरू की है क्योंकि विपक्ष के सामने कोई रास्ता नहीं बचा है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह 2024 में विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री पद का चेहरा होंगे तो राहुल गांधी ने कहा, यह ध्यान भटकाने का बहुत अच्छा तरीका है। इस सवाल के बारे में सोचा नहीं हैं।

### इंदिरा गांधी की जयंती के मौके पर भारत जोड़ो यात्रा में राहुल के साथ चलेंगी केवल महिलाएं

**अकोला।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर 19 नवंबर को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सिर्फ महिलाएं ही चलेंगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।कांग्रेस की जन संपर्क पहल भारत जोड़ो यात्रा सात नवंबर को महाराष्ट्र पहुंची थी और राज्य के विभिन्न हिस्सों से गुजर रही है। नांदेड़ से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद, पदयात्रा अब तक हिंगोली और वाशिम जिलों से गुजर चुकी है और अकोला व बुलढाणा जिलों से गुजरने के बाद 20 नवंबर को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी।19 नवंबर को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर केवल महिलाएं राहुल गांधी के साथ पदयात्रा करेंगी। 19 नवंबर को यात्रा के दोनों सत्रों (भोजन पूर्व और मध्याह्न भोजन के बाद) में कांग्रेस और उससे जुड़ी शाखाओं की महिला कार्यकर्ता भाग लेंगी। महाराष्ट्र और देश के अन्य हिस्सों से पार्टी की महिला जनप्रतिनिधि भी उस दिन पदयात्रा में शामिल होंगी।



## सीएजी रिपोर्ट पर चर्चा लोकतंत्र को मजबूत करती है : बिरला

■ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय लोकतंत्र में शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही को मूलमंत्र बताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सदन और संसदीय समितियों के भीतर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पर चर्चा और सकारात्मक सुझाव देश के लोकतंत्र को मजबूत करते हैं। लेखापरीक्षा दिवस और लेखापरीक्षक सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि सीएजी को संविधान ने व्यापक और सक्रिय भूमिका प्रदान की है और सुनिश्चित किया है कि उनकी निष्ठा केवल संविधान और राष्ट्र के प्रति हो। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, उन्होंने कहा कि सीएजी सभी हितधारकों को यह आश्वस्त करती है कि सरकारी निधियों का उपयोग दक्षतापूर्वक और नियत प्रयोजन हेतु ही किया जा रहा है तथा इसे विश्वसनीय, संतुलित और समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पूरे विश्व में जाना जाता है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के कामकाज का आकलन करते समय सीएजी इस प्रकार से काम करती है जिससे वित्तीय बचत एवं कुशल कार्ययोजना में वृद्धि होती है।

### गुजरात विधानसभा चुनाव

## आज नड्डा, केंद्रीय मंत्री, कई मुख्यमंत्री करेंगे 89 रैलियां

■ नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शुक्रवार को गुजरात की 89 विधानसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करेंगे। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत इन सभी 89 क्षेत्रों में एक दिसंबर को मतदान होना है।मतदान की तिथि समीप आते ही भाजपा ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को और धार देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में नड्डा नवसारी, अंकलेश्वर और राजकोट पूर्व में तीन रैलियों को संबोधित करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नरेन्द्र सिंह तोमर और अनुराग ठाकुर क्रमशः तीन और चार-चार रैलियों को संबोधित करेंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के उनके समकक्ष शिवराज सिंह चौहान भी तीन से चार चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री वी के सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते सहित कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भी चुनावी राज्य में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करेंगे। गुजरात में दो चरणों में एक दिसंबर और पांच दिसंबर को मतदान होगा और मतगणना आठ दिसंबर को होगी। पहले चरण में सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात के इलाकों में मतदान होगा। दूसरे चरण में उत्तर गुजरात और मध्य गुजरात की 93 सीटों पर मतदान होगा।भाजपा 1995 से लगातार छह विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज कर चुकी है। पार्टी इस राज्य में जीत के सिलसिले को बनाए रखना चाहती है।

आम तौर पर गुजरात में मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होता आया है लेकिन इस इस बार आम आदमी पार्टी ने अपनी पूरी ताकत झोंककर चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

### आज होगी सीएम योगी की एंट्री

**लखनऊ।** गुजरात विधानसभा चुनाव के रण में शुक्रवार से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की एंट्री होगी। शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ पहले दिन यहां चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। यहां उनकी 3 विधानसभाओं में रैली होगी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मांग चुनावी रैलियों में सबसे अधिक रहती है। इसके पहले हाल में हुए हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में सीएम योगी ने 5 दिन में 16 रैलियां की थीं। अब शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ की गुजरात के मोरबी, भरूच और सूरत में रैली होगी।

## मैं सावरकर पर राहुल की टिप्पणी से असहमत : ठाकरे

एजेंसी ■ मुंबई



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी वी. डी. सावरकर का बहुत सम्मान करती है और वह स्वतंत्रता सेनानी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणी से सहमत नहीं हैं।शिवसेना के एक धड़े के प्रमुख ठाकरे ने यहां पत्रकारों से बातचीत में यह भी पूछा कि केंद्र ने हिंदुत्व विचारक सावरकर को भारत रत्न क्यों नहीं दिया। उन्होंने कहा, हम सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को स्वीकार नहीं करते हैं। वीर सावरकर के प्रति हमारे मन में अपार सम्मान और आस्था है और इसे खत्म नहीं जा सकता। उनके बेटे एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे पिछले सप्ताह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए थे। अपनी यात्रा के तहत मंगलवार को वाशिम जिले में आयोजित एक रैली के दौरान गांधी ने कहा था कि सावरकर भाजपा और आरएसएस के प्रतीक हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा था, वह (सावरकर) दो-तीन साल तक अंडमान में जेल में रहे।

## नोटिस पर कार्रवाई नहीं होने से माकन ने इस्तीफा दिया : बैरवा

■ जयपुर



राजस्थान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष खिलाड़ी लाल बैरवा ने कहा कि अनुशासनहीनता नोटिस के 51 दिन बीत जाने के बाद भी राज्य के नेताओं के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं किए जाने से व्यथित होकर कांग्रेस नेता अजय माकन ने राजस्थान के प्रभारी पद से इस्तीफा दिया है। राज्य और देश में चर्चा है कि जिन लोगों को अनुशासनहीनता के लिए नोटिस दिया गया था, उन्हें अब राज्य में शुरू होने वाली आगामी भारत जोड़ो यात्रा की व्यवस्था करने का काम देकर पुरस्कृत किया जा रहा है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पार्टी का नया अध्यक्ष चुने जाने के बाद संगठन में सभी ने अपना इस्तीफा दे दिया है। आज आम कांग्रेस जन को जो दुख है और तकलीफ है, वो यह है कि हमारे जो प्रभारी महासचिव (अजय माकन) को यह कहना पड़ा कि 25 सितम्बर (विधायक दल की प्रस्तावित बैठक) को आज 51 दिन हो गए.. लोग गिन तो सब रहे हैं.. लेकिन उन व्यक्तियों को जो हमारे आलाकमान कहे जाते है.. उनको भी यह याद दिलाना पड़ा कि 51 दिन होने पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ।

## ज्ञानवापी: मुसलमानों का प्रवेश रोकने, पूजा की अनुमति याचिका पर सुनवाई करेगी अदालत

■ वाराणसी



वाराणसी की फास्ट ट्रैक अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों के प्रवेश पर पाबंदी लगाने और मस्जिद के वजू खाने में मिले कथित शिवलिंग की पूजा की अनुमति देने के आग्रह वाली याचिका को बृहस्पतिवार को सुनवाई योग्य मानते हुए मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज कर दी। अदालत अब इस मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को करेगी। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता सुलभ प्रकाश ने बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) फास्ट ट्रैक अदालत, महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत ने किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद को सुनवाई के योग्य माना है।

प्रकाश ने बताया कि हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि संपत्ति के अधिकार के तहत देवता को अपनी जायदाद पाने का मौलिक अधिकार है। इस पर अदालत ने यह कहते हुए मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज कर दी कि इस मामले में पूजा स्थल अधिनियम 1991 लागू नहीं होता है। ऐसे में यह वाद सुनवाई योग्य है।

गौरतलब है कि इस मामले में वादी किरन सिंह की तरफ से ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिमों का प्रवेश वर्जित करने, परिसर को हिंदुओं को सौंपने और कथित शिवलिंग के पूजा-पाठ एवं भोग की अनुमति मांगी गई थी।

मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया ने वाद की विचारणीयता पर सवाल उठाए थे। मुस्लिम पक्ष ने कहा था कि यह मामला उपासना स्थल अधिनियम 1991 के तहत आता है लिहाजा इस पर सुनवाई न की जाए।

गौरतलब है कि सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत के आदेश पर ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर के वीडियोग्राफी सर्वे में पिछली मई में ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने से एक आकृति बरामद हुई थी।

### उपचुनाव में कांग्रेस की एकतरफा जीत होगी : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सरदारशहर (चुरू) विधानसभा उपचुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस की एकतरफा जीत होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा बहुत शानदार चल रही है और इससे भारतीय जनता पार्टी वाले विचलित हो गए हैं। गहलोत ने सरदारशहर में संवाददाताओं से कहा, उपचुनाव तो हम एकतरफा जीतेंगे। आठ में से छह उपचुनाव हम जीते हैं। भाजपा प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई हैं... तीसरे नंबर पर रहे हैं वे।

## इंडोनेशिया में बंद मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह

एजेंसी ■ नई दिल्ली

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को विदेश मंत्रालय से आग्रह किया कि वह इंडोनेशिया की जेल में बंद तीन भारतीय मछुआरों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए तत्काल दखल दे।

पार्टी के प्रकोष्ठ ऑल इंडिया फिशरमेन कांग्रेस के प्रमुख एस आर्मस्ट्रॉन्ग फर्नांडो ने विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव विश्वास सपकाल से मुलाकात कर इस संदर्भ में विस्तृत ज्ञापन सौंपा। तमिलनाडु और केरल के आठ मछुआरे इसी साल 17 फरवरी को अंडमान के तट से मछली पकड़ने के लिए निकले थे। सात मार्च को इंडोनेशियाई प्रशासन ने अपनी समुद्री सीमा में कथित तौर पर दाखिल होने पर उनकी नौका को जब्त कर लिया और मछुआरों को हिरासत में ले लिया था।

फिरशमेन कांग्रेस का दावा है कि इनमें से चार मछुआरों को 28 अप्रैल को रिहा कर दिया गया तथा जेसिन दास नाम मछुआरे की यातना के कारण मौत हो गई।

फर्नांडो ने विदेश मंत्रालय से आग्रह किया कि वह इस मामले में तत्काल दखल दे और मछुआरों की तत्काल रिहाई सुनिश्चित करे।

## अग्निपथ योजना वापस ले केंद्र सरकार: मलिक

■ जयपुर



मेघालय के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने एक बार फिर अल्पकालिक अवधि के लिए संविदा नियुक्ति के आधार पर सेनाओं में युवाओं की भर्ती की केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को घातक बताते हुए इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के बहुप्रचारित गुजरात मॉडल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वहां कहीं कोई स्वर्ग नहीं आया है। यहां संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा, इनको अंदाज नहीं है कि ये कितना नुकसान देश का कर रहे हैं। अग्निपथ बहुत ही घातक योजना है। केंद्र सरकार को इसे तुरंत वापस लेना चाहिए और फौज की पेंशन आदि सुविधाओं वाली पूर्णकालिक नौकरी वापस लानी चाहिए। भाजपा के बहुप्रचारित गुजरात मॉडल के बारे में उन्होंने कहा, गुजरात मॉडल कुछ नहीं है। वही गरीबी है। उसी तरह के गांव हैं। उसी मलिक ने कहा, लोहिया कहते थे कि दिल्ली बहुत खराब जगह है यहां आकर आदमी बदल जाता है तो ए दिल्ली आकर बदल गए पता नहीं क्या हुआ है और उनकी किसान परस्ती खत्म हो गई। मेरे तो इनसे जितनी भी मुलाकात हुईं वह किसानों के मुद्दे पर लड़ाई के साथ खत्म हुई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बारे में किसानों से किए अपने वादे को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा किक कृषि जिंसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है अगर इसे लागू नहीं किया गया तो फिर आंदोलन छिड़ेगा व देश में अफरा तफरी मचेगी इससे बचा जाना चाहिए। मलिक ने कहा, देश की अर्थव्यवस्था भी नीचे जा रही है ऐसे में अगर महत्वपूर्ण लोग नहीं बोलेंगे या लड़ाई नहीं करेंगे तो यह देश रसातल में चला जाएगा क्योंकि जो लोग राज करते हैं वे तो अपने आत्ममुग्ध होते हैं कि अपने सब अच्छा कर दिया।

### सीओपी 27 मसौदा

## जीवाश्म ईंधन पर भारत के प्रस्ताव का उल्लेख नहीं

■ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को जलवायु समझौते का पहला मसौदा प्रकाशित किया और इसमें सभी जीवाश्म ईंधनों का चरणबद्ध तरीके से इस्तेमाल बंद करने के भारत के प्रस्ताव का कोई जिक्र नहीं है जिसका यूरोपीय संघ और कई अन्य देशों ने समर्थन किया था। मसौदा असंतुलित कोयला विद्युत को चरणबद्ध तरीके से कम करने की दिशा में उपायों में तेजी लाने और राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावहीन जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने तथा बदलाव के लिए समर्थन की आवश्यकता को पहचानने के निरंतर प्रयासों को प्रोत्साहित करता है।

पिछले साल ग्लासगो में हुए जलवायु समझौते में भी लगभग इसी भाषा का इस्तेमाल किया गया था। संपर्क किए जाने पर पर्यावरण मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय वार्ताकार इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, क्योंकि बातचीत चल रही है।

मसौदे में यह भी उल्लेख नहीं किया गया है कि हानि और क्षति वित्त सुविधा कब शुरू की जाएगी तथा इसकी रूपरेखा क्या होगी।

गरीब और विकासशील देशों ने मांग की है कि सीओपी27 का समापन हानि और क्षति से संबंधित मुद्दे का समाधान करने के लिए एक कोष शुरू करने के निर्णय के साथ होना चाहिए- जलवायु परिवर्तन-संबंधी आपदाओं के कारण अपूरणीय क्षति के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द।

मसौदा पाठ वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को रोकने के लिए पूर्व-औद्योगिक स्तर के तापमान से इसे दो डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं बढ़ने देने के पेरिस समझौते के तापमान लक्ष्य को प्राप्त करने के वास्ते सभी स्तरों पर सभी प्रयासों को पूरा करने के महत्व पर बल देता है तथा तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के प्रयासों की बात कहता है।

जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र रूपरेखा संधि में 20-पृष्ठ का दस्तावेज, ग्लासगो समझौते की तुलना में 8,400 शब्द लंबा है। ग्लासगो समझौता लगभग 4,600 शब्द का था और अपने आप में जलवायु शिखर सम्मेलनों में सबसे लंबी पाठ सामग्री में से एक था।

### जरा हट के... बग्गा




### मोरबी पुल — मोरबी नगर पालिका ने गुजरात उच्च न्यायालय को बताया...

## जीर्णोद्धार करने वाली कंपनी ने बिना मंजूरी खोला था पुल

■ अहमदाबाद

जिस कंपनी को पुल के नवीनीकरण का जिम्मा सौंपा गया था, उसने बिना किसी पूर्व स्वीकृति और मरम्मत कार्य के बारे में नगर निकाय को सूचित किए बिना इसे फिर से खोल दिया।



मोरबी नगर पालिका ने गुजरात उच्च न्यायालय को बताया कि जिस कंपनी को पुल के नवीनीकरण का जिम्मा सौंपा गया था उसने बिना किसी पूर्व स्वीकृति और मरम्मत कार्य के बारे में नगर निकाय को सूचित किए बिना इसे फिर से खोल दिया। मोरबी में हुए पुल हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। बुधवार को उच्च न्यायालय में दायर एक हलफनामे में नगर पालिका ने यह भी बताया कि 2022 में नगर निकाय और कंपनी के बीच हुए एक करार के मुताबिक अजंता कंपनी को पुल का उचित पुनरोद्धार करना था और सिर्फ तभी जनता के लिए खोलना था।

नगर निकाय ने मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति आशुतोष शास्त्री की खंडपीठ के समक्ष हलफनामा प्रस्तुत किया। खंडपीठ पुल ढहने के मामले में स्वतःसंज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है। मोरबी में 30 अक्टूबर को मच्छु नदी पर ब्रिटिश काल में बने झूला पुल के गिरने से महिलाओं और बच्चों सहित 135 लोगों की मौत हो गई थी।

अदालत ने जानना चाहा कि अजंता मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड (ओरेवा समूह) को इस्तेमाल के लिए कोई मंजूरी नहीं होने के बावजूद पुल का उपयोग करने की अनुमति क्यों दी गई।अहमदाबाद स्थित ओरेवा समूह इस पुल के रखरखाव व प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहा था। मोरबी नगरपालिका ने अपने हलफनामे में कहा कि आठ मार्च, 2022 को नगर निकाय और अजंता मैन्युफैक्चरिंग के बीच किए गए एक नए समझौते में एक शर्त के अनुसार, बाद में बड़े पैमाने पर जनता के लिए इसे (पुल को) खोलने से पहले पुल के उचित रूप से मरम्मत करने की आवश्यकता थी।नगर निकाय ने कहा कि जब राजकोट कलेक्टर (जब मोरबी राजकोट का हिस्सा था) और कंपनी के बीच 2007 समझौता ज्ञापन (एमओयू) 15 अगस्त, 2017 को समाप्त हो गया था, तब भी झूला पुल का रखरखाव और प्रबंधन कंपनी द्वारा जारी रखा गया था, क्योंकि कोई नया समझौता नहीं हुआ था।

दखल

# महासागरों की महामारी बनता प्लास्टिक



महासागरों में प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए आज पूरी प्लास्टिक आधारित अर्थव्यवस्था में प्रणालीगत बदलाव करने की आवश्यकता है। 2050 तक दुनिया भर के महासागरों में प्लास्टिक प्रदूषण को पूरी तरह से रोकने में कई चुनौतियां आने वाली है। यह समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जब कोविड-19 महामारी ने प्लास्टिक कचरे को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। अब यह पूरी मानव प्रजाति के लिए खतरा बन रहा है।

**क्या** होगा अगर दुनियाभर में साढ़े तीन अरब लोगों के भोजन की आपूर्ति यकायक गड़बड़ा जाए। क्या होगा अगर तीन अरब लोगों की आजीविका के संसाधन अचानक से खत्म हो जाएं। अगर धरती के जलचक्र में जरा सा भी बदलाव आ जाए तो मानव और अन्य जीवों के जीवन पर कितना गहरा संकट आ सकता है। क्या हम इनमें से किसी भी सवाल पर कभी गंभीरता से विचार करते हैं। ये अहम प्रश्न हमारे महासागरों और उनकी जैवविविधता से जुड़े हैं। हम मनुष्यों द्वारा रोजाना उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक ने आज महासागरों के अस्तित्व पर कई तरह के खतरे खड़े कर दिए हैं। आज हालात इस कदर खतरनाक हो चुके हैं कि समुद्र तटीय शहरों, कस्बों से लेकर अब सुदूर धुव्रीय इलाकों तक प्लास्टिक हर तरफ इकोसिस्टम्स को नुकसान पहुंचा रहें हैं।

किसी भी सागर या महासागर में प्लास्टिक से उत्पन्न संकट को समझने के लिए हमें कुछ बातों को समझना होगा। दरअसल किसी भी जलीय इकाई चाहे वह तालाब या कुआं हो, कोई नदी अथवा समुद्र हो या फिर कोई महासागर, इनमें प्लास्टिक मानवीय गतिविधियों के चलते प्लास्टिक पहुंचता है। ये प्लास्टिक किसी भी रूप में हो सकता है। आमतौर पर प्लास्टिक बैग्स से लेकर बोतल, कंटेनरों किसी और स्वरूप में प्लास्टिक सागरों से होते हुए महासागरों में जाता है। पर्यावरणीय मामलों में अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी आईयूसीएन का मानना है कि हर साल लगभग 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है। यह बाद में माइक्रोप्लास्टिक में बदल जाता है। किसी भी तरह के प्लास्टिक के छोटे अंश जोकि 5 मिलिमीटर या उससे छोटे होते हैं, उन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये सबसे नुकसानदायक होते हैं। माइक्रोप्लास्टिक से भी छोटे टुकड़ों को नैनोप्लास्टिक कहा जाता है।

नैनोप्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक अमूमन बड़े प्लास्टिक की वस्तुओं या टुकड़ों से टूटकर बनते हैं। हाल के वैज्ञानिक अध्ययननों में कई समुद्री जीवों के भीतर माइक्रोप्लास्टिक के अंश मिले हैं। यह एक चिंताजनक विषय है। दरअसल समुद्र में प्लास्टिक का मिलना कोई नई बात नहीं है। क्योंकि आमतौर पर विशाल जलराशि वाले सागरों में कई तरह से प्लास्टिक पहुंचता रहता है। लेकिन अब पिछले कुछ सालों के शोध अध्ययनों में प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक्स की उपस्थिति को ऐसी जगहों पर भी पाई गई है जो निर्जन और सुदूर हैं। विश्व के शिखर पर्वत माउंट एवरेस्ट, अथाह बर्फ से भरे आर्कटिक, कई ग्लेशियरों में भी प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी दर्ज हुई है। दुनिया के सबसे गहरे महासागरीय इलाके मारियाना ट्रेंच की गहराइयों में भी प्लास्टिक मिला है। यहां ध्यान देने की आवश्यकता है कि बहुत दूर प्रशांत महासागर में स्थित मारियाना ट्रेंच की गहराई लगभग 11 किलोमीटर तक है। तो इतनी गहराई में भी अगर प्लास्टिक पहुंच गया है तो मानवीय बस्तियों के इर्दगिर्द समुद्रतटीय इलाकों की भयावह परिस्थितियों को सहज ही समझा जा सकता है।

वैज्ञानिकों का मत है कि आज हालात इस कदर गंभीर हैं कि महासागरों में मौजूद प्लास्टिक के कारण कई समुद्री जीव-जंतुओं की मौतें हो रही हैं। इस दिशा में अभी भी बहुत शोध जारी हैं। किसी भी तटवर्ती इलाके की बस्तियों से होते हुए प्लास्टिक सीधे सागरों में पहुंचता रहता है। इसके अलावा नदियां भी अपने साथ अनगिनत मात्रा में प्लास्टिक सहित समुद्र में समा जाती हैं। जल परिवहन के प्रमुख साधन विशाल समुद्री जहाजों, नौकाओं आदि का पेंट भी समुद्री पानी के संपर्क में आकर माइक्रोप्लास्टिक में तब्दील होता रहता है। माइक्रोप्लास्टिक के बहुत ही महीन कण सूक्ष्म जीवों और कई प्रदूषकों के वाहक होते हैं। प्लास्टिक के कण आसानी से विघटित या नष्ट नहीं होते। इनमें कई तरह के जटिल रसायन होते हैं जीवों की सेहत लिए खतरनाक हैं। अध्ययन बताते हैं प्लास्टिक के सूक्ष्म कणों को मछलियां भोजन समझ कर निगल जाती हैं। समुद्री जीवों के भीतर जाकर माइक्रोप्लास्टिक काफी नुकसान पहुंचाता है। कई बार तो मछलियां तथा समुद्री कछुए जैसे जीवों की मौत भी हो जाती है।

मानवीय अनदेखियों के चलते हर साल कई लाख मिलियन टन प्लास्टिक का कचरा सीधे-सीधे सागरों में जा मिलता है। आज हालात इतने बिगड़ गए हैं कि मछलियों और अन्य जीवों के शरीर में जा चुका माइक्रोप्लास्टिक मनुष्यों तक भी पहुंच रहा है। भोजन के साथ प्लास्टिक का मानव शरीर में पहुंचना कई किस्म की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है जिसमें सबसे ज्यादा कैंसर होने की संभावना हो सकती है। हमारे महासागर दुनियाभर में अरबों लोगों की आजीविका और भोजन का सबसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं। प्लास्टिक की वैश्विक समस्या से माहासागरों का अपना तंत्र गड़बड़ा रहा है। महासागरों के में इकोसिस्टम में कैंसर की तरह तेजी से फैलता माइक्रोप्लास्टिक वहां की बेशकीमती जीव प्रजातियों को खत्म कर देगा। अगर ऐसा हुआ तो अनगिनत समुद्री जीवों का जीवनचक्र भी बुरी तरह प्रभावित होगा। इकोलॉजी में अगर एक भी कड़ी टूटी तो उसका सीधा असर महासागरों के बाहर रहने वाले मानवों और अन्य जीव-जंतुओं पर भी पड़ेगा। तो अहम सवाल है कि क्या हम मनुष्य इस तरह के किसी बड़े खतरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। वे सागर और महासागर जो करोड़ों-करोड़ लोगों के लिए भोजन का प्रमुख भंडार हैं अगर वे प्लास्टिक के कूड़े के ढेरों से भर गए तो क्या होगा।

ये सवाल अभी इतने गंभीर नहीं लगते क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जिस तरह बिना किसी माइक्रोस्कोप के नहीं दिखते वैसे ही महासागरों के भीतर गहराइयों में होने वाले पर्यावरणीय नुकसान भी हम किनारे पर बैठकर नहीं देख सकते। लेकिन हकीकत है कि समुद्रों का दम प्लास्टिक घोंट रहा है। आज वैश्विक संकट बन चुके प्लास्टिक के कारण महासागरों में फैल चुके प्रदूषण की समस्या का समाधान तभी होगा जब सभी देश अपने अपने तटों पर हर तरह के प्लास्टिक की निगरानी करें। सभी देश सक्रिय तौर पर माइक्रोप्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प लें और एक समयबद्ध योजना बनाकर इससे बचने के लिए कारगर उपायों को अपनाएं। वैज्ञानिक समुदाय बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक निर्माण की सस्ती और व्यापक तकनीकों को खोजें। इस तरह मिलजुल कर साझे वैश्विक प्रयासों से ही हमारे महासागर प्लास्टिक प्रूदषण की महामारी से बच सकते हैं।

समुद्र में प्रवेश करने वाला प्लास्टिक का कचरा लगातार बढ़ रहा है। इस बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण से समुद्री और तटीय पारिस्थितिक तंत्रों पर हानिकारक प्रभाव पड़ रहे हैं। जलीय जीवों के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य को भी यह खतरनाक तरीके से प्रभावित कर रहा है। समुद्री प्लास्टिक कूड़े से निपटने जी20 देशों की प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए 2019 में जापान में ओसाका ब्लू ओशन विजन पर सहमति व्यक्त की गई थी। जी20 देशों ने वर्ष 2050 तक अतिरिक्त समुद्री प्लास्टिक कूड़े को समाप्त करने का वचन दिया है। समुद्र तक पहुंचने वाले प्लास्टिक के कचरे की मात्रा को कम करने के लिए व्यवस्था में बदलाव जरूरी है। हमें हर स्तर पर प्लास्टिक की मात्रा को कम कम करने के लिए बदलाव करने चाहिए। लेकिन वर्तमान में की गई अलग-अलग कार्रवाइयां और नीतियां दुनिया भर के महासागरों में प्लास्टिक समस्या को बढ़ा रही हैं।

**संदीप भट्ट**
(वरिष्ठ पत्रकार)

# भारत में सौर ऊर्जा का उज्ज्वल भविष्य



भारत में सौर ऊर्जा बहुत तेजी से उभरकर सामने आ रही है और घरों के अलावा लोग ऑफिस, खेतों आदि में भी सौर ऊर्जा से उत्पन्न बिजली का इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि बिजली की बढ़ती कीमत ही एकमात्र कारण नहीं है कि लोग सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक हो रहे हैं बल्कि समय के साथ साथ लोगों में पर्यावरण के लिए भी जागरूकता बढ़ गई है।

**दुनिया** सौर क्रांति की दहलीज पर है। सूर्य, न केवल दुनिया का सबसे प्रचुर और स्वच्छ ऊर्जा स्रोत है, बल्कि व्यापक तौर पर इसे स्वीकार किए जाने के साथ, यह अंतर्राष्ट्रीय जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए सुलभ ऊर्जा के रूप में आवश्यक हो गया है। कई देशों के पास अब अच्छी तरह से स्थापित नीतियां और विनियम हैं, जो इसे वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए आवश्यक पैमाना और सामर्थ्य प्रदान करते हैं। सौर ऊर्जा, न केवल विकासशील देशों में ऊर्जा पहुंच और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, बल्कि विकसित देशों में बैटरी ऊर्जा संचयन, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना और हाइड्रोजन उत्पादन के एकीकरण के माध्यम से ऊर्जा के स्रोतों में बदलाव के लिए सुविधा भी प्रदान कर रही है।

लागत, सरल और आसान रख-रखाव, सहज संरचना बदलाव, विभिन्न अनुप्रयोग आदि के सन्दर्भ में अन्य ऊर्जा प्रौद्योगिकियों पर तकनीकी श्रेष्ठता के बावजूद, सौर ऊर्जा उत्पादन एक महत्वपूर्ण चुनौती का सामना कर रहा है, जिसके समाधान की आवश्यकता है। वैश्विक फोटोवोल्टिक (पीवी) विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखला कुछ ही देशों में केंद्रित है, जिसके परिणामस्वरूप मौजूदा सीमित आपूर्ति श्रृंखलाओं में अवरोध होने के बाद, हाल ही में कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। इन व्यवधानों ने महत्वपूर्ण सवाल खड़े किए हैं। कोविड-19 संकट एवं बहुपक्षीय चुनौतियों के कारण वस्तुओं की कीमतों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। ऊर्जा, कच्चे माल और विनिर्मित वस्तुओं के आयात- जो ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं- पर कुछ देशों की उच्च निर्भरता के कारण, इन देशों का ध्यान सौर ऊर्जा पर केन्द्रित हुआ है।

अतिरिक्त चुनौती सौर पैनलों की खरीद से जुड़ी है। अनुमान है कि सौर पीवी की वैश्विक मांग, निम्नतम स्तर पर भी, को पूरा करने में 2030 तक 5,000 गीगावाट (जीडब्ल्यू) की संचयी क्षमता की आवश्यकता होगी। हालांकि, सौर पैनलों की कम होती कीमतों और दुनिया भर में की जा रही पहलों को देखते हुए, यह अनुमान लगभग 10 हजार गीगावाट तक भी पहुंच सकता है। इसका मतलब है कि हर साल लगभग 800-1,000 गीगावाट तक पीवी की वार्षिक क्षमता में वृद्धि हो सकती है, जो अब तक 200 गीगावाट तक सीमित थी। भविष्य में वर्तमान क्षमता से पांच गुना अधिक की खरीद की आवश्यकता होगी, इसलिए हमें सहनीय तथा विविधतापूर्ण आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने की आवश्यकता है। देश अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाकर सहनीयता में सुधार किया जा सकता है।

सौर पीवी विनिर्माण परियोजनाओं के विकास को समर्थन देने का सबसे अच्छा तरीका उत्पादन-लागत से जुड़े विभिन्न कारकों को वित्तीय प्रोत्साहन के माध्यम से प्रत्यक्ष समर्थन प्रदान करना है, जैसे टैक्स में छूट, कम लागत वाला वित्तपोषण या प्रत्यक्ष सब्सिडी (उदाहरण के लिए, भूमि या अवसंरचना में निवेश)। इसलिए, मांग में वृद्धि करना और सहायक विनिर्माण कंपनियों को प्रोत्साहित करना भी उद्योग को विकसित करने का एक कुशल तरीका है, लेकिन इसके लिए और निवेश करने की आवश्यकता होगी। भारत ने हाल ही में सौर पीवी विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना का संचालन किया है, जो सफल रही है। इसके तहत परियोजनाओं के लिए बोली लगाने वाले ऐसी विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना और संचालन करेंगे, जो कि पॉलीसिलिकॉन, इनगोट, वेफर्स, सेल और उच्च दक्षता वाले पैनल के निर्माण के साथ पूरे उत्पादन चक्र का भी विस्तार करेंगे।

सौर पीवी विनिर्माण क्षेत्र की दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता, तीव्र और लागत प्रभावी स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन स्रोत को अपनाने के लिए महत्वपूर्ण है। तेजी से विकास और परियोजनाओं की शुरुआत से उत्पाद की बिक्री तक में लगने वाले लंबे समय के कारण, आपूर्ति और मांग के असंतुलन का जोखिम बढ़ जाता है, जिससे लागत में वृद्धि हो सकती है और आपूर्ति में कमी आ सकती है। सौर पीवी क्षेत्र में, सभी आपूर्ति श्रृंखला खंडों के लिए शुद्ध लाभ-प्राप्ति अनिश्चित व अस्थिर रही है। इस प्रकार, इस व्यवसाय के सभी उप-क्षेत्रों की कमजोरियों को सहायक नीतियों द्वारा नियंत्रित किए जाने की आवश्यकता है। देशों के बीच आपसी सहयोग ही ऊर्जा उत्पादन के स्रोतों में बदलाव, निवेश को बढ़ावा देने और लाखों नए हरित रोजगार पैदा करने का आधार होगा। सरकारों और हितधारकों ने सौर पीवी निर्माण पर अधिक ध्यान देना शुरू कर दिया है, लेकिन और अधिक सहयोग की आवश्यकता है।

तेजी से कार्बन मुक्त हो रही दुनिया में इस क्षेत्र के रणनीतिक महत्व के लिए समान विचारधारा वाले देशों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। उम्मीद है कि हर जगह मॉड्यूल निर्माण हो रहा होगा। प्रारंभिक वर्षों में समर्थन की आवश्यकता है और एक वैश्विक समुदाय के रूप में, हमें विनिर्माण के लिए वातावरण को सक्षम करने में अन्य देशों को समर्थन प्रदान करने की आवश्यकता है। 110 सदस्य और हस्ताक्षरकर्ता देशों के साथ, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन इस बदलाव के लिए प्रयासरत है। नई प्रौद्योगिकियां बाजार में आएंगी, जिनमें सौर-प्लस बैटरी का प्रतिस्पर्धी होना शामिल हैं। आपूर्ति श्रृंखला के साथ नई सौर पीवी विनिर्माण सुविधाएं 2030 तक अरबों रुपये के निवेश आकर्षित कर सकती हैं। पूरी आपूर्ति श्रृंखला में वार्षिक निवेश स्तर को दोगुना करने की आवश्यकता है।

पॉलीसिलिकॉन, इनगोट और वेफर्स निर्माण महत्वपूर्ण चरण हैं और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इनमें अधिक निवेश की आवश्यकता होगी। सौर ऊर्जा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तथा सौर ऊर्जा के अलावा कोई अन्य उपयुक्त तकनीक नहीं है, जो आज घरों और समुदायों को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बना सकती है। ग्रिड और मिनी ग्रिड का आपसी जोड़ तथा सामुदायिक रूफटॉप सौर प्रतिष्ठान इस बदलाव को सक्षम करेंगे। सौर ऊर्जा, नेट जीरो आधरित भारत के उस लक्ष्य को हासिल करने की आधारशिला बन सकती है, जिसे देश ने 2070 के लिए निर्धारित किया है। भारत की भौगोलिक स्थिति ऐसी है जहां पूरे साल में औसतन 300 दिनों धरती पर धूप आती ही है और ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत में सौर ऊर्जा का भविष्य स्वर्णिम है।

बिजली उत्पन्न करने के लिए पारंपरिक संसाधनों जैसे कोयला, पेट्रोलियम, जीवाश्म आदि का उपयोग करना हर दिन महंगा होता जा रहा है और बढ़ती महंगाई की वजह से लोगों के लिए बिजली खर्च भी ऐसी समस्या बन गई है जिससे छुटकारा पाना बहुत जरूरी है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए लोग बिजली उत्पादन के लिए सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक हो रहे हैं एवं राज्य तथा केंद्र सरकारें भी सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं प्रदान कर रही हैं।

**आरके सिंह**
(ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री)

# भारतीय मुद्रा के आएंगे अच्छे दिन

अमेरिका में महंगाई के आंकड़े उम्मीद से कम होने के कारण डॉलर में गिरावट आई है और इससे रुपए को मजबूती मिली। रुपए में पिछले नौ वर्षों में सबसे बड़ी ओपनिंग है। सितंबर 2013 के बाद अब 2022 में रुपया उच्चतम स्तर पर कारोबार करता दिखा है।



रुपए में शुक्रवार को तेज उछाल आया। रुपए में पिछले सत्रों में हुए नुकसान की रिकवरी हुई है। माना जा रहा है कि अमेरिका में महंगाई के आंकड़े उम्मीद से कम होने के कारण डॉलर में गिरावट आई है और इससे रुपए को मजबूती मिली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन रुपया 80.6888 के स्तर पर खुला, जबकि पिछले सत्र में यह 81.8112 अंकों के स्तर पर बंद हुआ था। शुक्रवार को रुपया यूएस डॉलर के मुकाबले एक रुपए 10 पैसे की मजबूती के साथ खुला। रुपए में पिछले नौ वर्षों में यह सबसे बड़ी ओपनिंग है। सितंबर 2013 के बाद रुपया उच्चतम स्तर पर कारोबार करता दिखा। अमेरिकी डॉलर ने 81.91 तक बढ़ने के बाद रुपए की बढ़त के लिए रास्ता साफ कर दिया है। डॉलर इंडेक्स के मुकाबले रुपए का सपोर्ट लेवल 80.50 है जबकि मनोवैज्ञानिक स्तर 80 है। अमेरिका में अक्टूबर महीने के महंगाई के आंकड़े बाजार के अनुमान से कम रहे हैं, जिसके कारण ग्लोबल स्टॉक मार्केट में अच्छी मजबूती दिख रही है।

डॉलर इंडेक्स पर भारी दबाव है और यह घटकर 108 के लेवल के नीचे आ गया है। इसी का नतीजा है कि आज रुपया डॉलर के मुकाबले 110 पैसे के उछाल के साथ खुला। आज भले ही रुपया उच्चतम स्तर पर खुला है, मगर इसका मतलब यह नहीं है कि अब इसमें गिरावट नहीं आएगी। सभी मुद्राओं का चढ़ना-उतरना लगा रहता है। रुपए में गिरावट के दौर पर बात करते समय ध्यान रखना जरूरी है कि डॉलर के सापेक्ष केवल रुपया कमजोर हो रहा है, विश्व के अन्य देशों की मुद्रा जैसे ब्राजीली रियाल, चीनी युआन और अफ्रीकी रैंड भी कमजोर हो रहे हैं। रुपया, एशिया में सबसे ज्यादा कमजोर होने वाली करेंसी बन गया है लेकिन ब्राजीली रियाल 14 फीसदी व दक्षिण अफ्रीकी रैंड 11 फीसदी तक टूट चुके हैं। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं। उसी प्रकार रुपए के कमजोर होने के भी दो पहलू हैं। किसी देश की करेंसी में गिरावट बुरी खबर है लेकिन एक्सपोर्ट आधारित सेक्टर्स को इस गिरावट से लाभ होता है।

अमेरिकी डॉलर को पूरे विश्व में हर देश द्वारा स्वीकार किया जाता है इसलिए विश्व का 80 फीसदी व्यापार अमेरिकी डॉलर में होता है। जब विदेशी आयातक, भारत से सामान आयात करते हैं तो उन्हें एक डॉलर के बदले ज्यादा रुपए मिलते हैं जिससे वे और अधिक आयात करते हैं और भारत का निर्यात बढ़ता है जिससे देश का भुगतान संतुलन सुधरता है। ऐसे में डॉलर को रुपया में एक्सचेंज करने पर उसकी वैल्यू बढ़ जा रही है। साथ ही एक्सपोर्ट्स जो नई डील कर रहे हैं वो नए रेट पर हो रही है, डॉलर मजबूत होने से एक्सपोर्टर्स को ज्यादा रकम मिल रही है। यही वजह है कि भारत समेत कई एशियाई देश अपने करेंसी को गिरने दे रहे हैं क्योंकि उन्हें पेमेंट जो मिलता है वो डॉलर में होता है। ये देश चाहते हैं कि ट्रेड वॉर के चलते इनका एक्सपोर्ट कम न हो।

## ट्विटर




अर्थव्यवस्था मजबूत होने के लिए मुद्रा का मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इसलिए केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक को रुपए में तेजी लाने के प्रयास करने चाहिए।

**पी चिदंबरम, पूर्व वित्त मंत्री**



रुपए में गिरावट का दौर ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा। अभी जो हालात हैं, उससे कोई भी देश अछूता नहीं है। भारत भी अपवाद नहीं हो सकता है।

**निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री**



सत्यार्थ

# गुरु पर भरोसा रखें



गुरुनानक जी से मिलने से पहले लहिणा गृहस्थ थे, अपने परिवार के साथ रहते थे। एक दिन उन्हें गुरुनानक जी के बारे में मालूम हुआ तो वे उनसे मिलने पहुंचे। गुरुनानक जी से मिलकर लहिणा इतने प्रभावित हो गए कि उन्होंने गुरुनानक जी से कहा कि मैं सबकुछ छोड़कर यहीं आपके साथ रहना चाहता हूं। नानक जी ने उन्हें समझाया कि आपका अपना परिवार है, आपको परिवार के साथ ही रहना चाहिए। जब सही समय आएगा, तब आ जाना। गुरु देव के समझाने के बाद उस समय तो लहिणा अपने घर लौट गए, लेकिन उनका मन नहीं लग रहा था। कुछ दिनों के बाद वे फिर से नानक जी के पास पहुंच गए और वहीं रहने लगे। गुरुनानक जी ने लहिणा को वहां देखा तो उन्होंने लगातार लहिणा की परीक्षा लेनी शुरू कर दी। नानक जी लहिणा से मुश्किल-मुश्किल काम करवाते थे। ऐसे-ऐसे काम बताते, जिनसे किसी को भी गुस्सा आ जाता। वहां रहने वाले अन्य शिष्य नानक जी की इन बातों को समझ नहीं पा रहे थे। लहिणा बिना कुछ सोचे-समझे गुरु की हर एक आज्ञा का पालन पूरी ईमानदारी से कर रहे थे। नानक जी ने लहिणा को नया नाम अंगद दिया और बाद में गुरु अंगद सिखों के दूसरे गुरु बने। इस किस्से की सीख यह है कि हमें गुरु पर पूरा भरोसा करना चाहिए और गुरु की हर एक आज्ञा का पालन ईमानदारी से करना चाहिए। तभी जीवन में सफलता के साथ ही सुख-शांति भी मिलती है। गुरु हमें जो मार्ग दिखाते हैं, वह सफलता और बेहतर जीवन का होता है। अगर हम गुरु की बात पर भरोसा कर उस पर चल पड़ते हैं तो हमारा जीवन सुखमय हो जाता है। अन्यथा हमें पछताना पड़ता है।

**आरडी गर्ग**

## विवेकानन्द यूथ एवार्ड के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

अमर ख्याल

**बहराइच** / प्रभारी डीओ पीआरडी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में विवेकानन्द यूथ एवार्ड हेतु व्यक्तिगत श्रेणी के अन्तर्गत राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यों में अद्वितीय एवं सराहनीय योगदान करने वाले युवक-युवतियों को राज्य सरकार द्वारा व्यक्तिगत श्रेणी का विवेकानन्द यूथ एवार्ड प्रदान किया जायेगा। जिसके लिए इच्छुक युवक-युवतियॉ 01 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2022 तक किए गए कार्यों के आधार पर अपने आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप 20 नवम्बर 2022 तक जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी बहराइच के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए डीओ पीआरडी के मो.न. 6394740075 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु संगोष्ठी आयोजित



अमर ख्याल

बाहराइचा। पूर्णतया नदी विस्थापित परिवारों के पुनर्वास के लिए कार्यरत पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट बहराइच द्वारा प्राथमिक विद्यालय पांडेयपुरवा बौंडी फखरपुर बहराइच में एक संगोष्ठी का आयोजन आज 15 नवम्बर 2022 को किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों को बाल अधिकारों की पूरी जानकारी दी गई। बच्चों को उनके जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सहभागिता का अधिकार एवं उनके सुरक्षा व संरक्षण का अधिकार सुनिश्चित करना परिवार व समाज की जिम्मेदारी है जिसमें अन्य सभी हितधारकों का योगदान भी आवश्यक है।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संकुल प्रभारी श्री साकेत भूषण तिवारी जी ने बच्चों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने व अपने माता पिता व गुरु की बातों पर अमल करने की बात कही। पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट के निदेशक ध्रुव कुमार ने बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने और कर्म में विश्वास करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री चंचरीक पांडेय जी ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए एक सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद किया। बच्चों ने इस अवसर पर गीत, कबिता एवं कला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिन्हें कार्यक्रम के अन्त में भाग लेने वाले सभी 96 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में पंचशील डेवलपमेंट ट्रस्ट द्वारा संचालित नवजीवन परियोजना कार्यदल के सदस्य रामतेज यादव, रिंकी वर्मा, रिंकी कश्यप, किरन, पिंकी तथा अन्य अभिभावक उपस्थित रहे।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद को आगे आए नौनिहाल




अमर ख्याल

बाहराइचा। संविलियन विद्यालय तेड़वा अल्पी मिश्र के बाल संसद के प्रधानमंत्री अंकुश पाठक व प्राथमिक विद्यालय सरसठ बेटौरा के नौनिहालों का बाढ़ पीड़ितों की सेवा का संकल्प कल पूरा हुआ। एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी के सानिध्य में पंचायत भवन सरसठ बेटौरा के प्रांगण में बाढ़ पीड़ित गरीबों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार चौधरी, अवधेश कुमार झा व आनंद कुमार शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इसी दौरान डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी ने प्राथमिक विद्यालय सरसठ बेटौरा के बच्चों से मानव शरीर की हड्डियों के नाम पूछे जिसे छोटे नन्हे मुन्नों ने सरलता से बताया ।बाढ़ पीड़ितों की सहायता के संकल्प को मूर्त रूप देने में प्रवेश यादव, छोटे राम शुक्ला, शिवकुमार चौधरी, सौरभ अवस्थी, कृष्णानंद शुक्ल,सुखदेव यादव,नीरज पाठक, अमित कुमार,वेद प्रकाश पाठक, सुरेश चंद्र पाल, कमलेश वर्मा, सीमा, शिव शंकर पाठक, शिवनारायण गौड़, उदय राज वर्मा , अवधेश कुमार झा, आनंद कुमार शुक्ला, खादिम अली, रामचंद्र , विजय कुमार, रोमी चंद्र मल्होत्रा जैसे सक्रिय समाजसेवी सहित कई दानवीरों ने महती भूमिका निभाई।

## मारपीट व अमानवीय कृत्य के वायरल वीडियो प्रकरण का मुख्य आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



अमर ख्याल संवाददाता

**गोण्डा।** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट व अमानवीय कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत हुआ था । जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा घटना को संज्ञान में लेकर घटना में संलिप्त अभियुक्तो की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण में टीमे गठित कर प्र0नि0 को0नगर को निर्देशित किया था।उक्त निर्देशन के क्रम में आज दिनाकं 17.11.2022 को थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित वाछिंत मुख्य आरोपी अभियुक्त कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त अभियुक्त ने एक व्यक्ति को जान से मारने की नियत से मारपीट व अमानवीय कृत्य का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर में अभियोग पंजीकृत था।अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है।गिरफ्तार कर्ता टीम निरीक्षक अनील कुमार सिंह मय टीम सहित मौजूद रहे।

## बाघ संरक्षित क्षेत्र से शिकार करते हुए एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



अमर ख्याल ब्यूरो

**मिहींपुरवा ( बहराईच )** प्रभागीय वन अधिकारी कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग बहराइच आकाश दीप बघावन के कुशल नेतृत्व में अवैध कटान एवं अवैध शिकार पर प्रभावी नियंत्रण के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के अनुक्रम में गश्ती दल द्वारा 16 नवम्बर की प्रातः लगभग 8:30 मुन्ना पुत्र दीनदयाल निवासी ग्राम राम नगर मंझरा पूरब थाना तिकुनिया जनपद खीरी को एक आदत जाल व जीवित मछलियां के साथ कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत मंझरा बीट बाघ संरक्षित क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश कर जलीय जीवों का शिकार करते हुए मौके से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में वन दरोगा लवलेश कुमार श्रीवास्तव चौकीदार भवानी दैनिक वाचर अवधेश शामिल रहे।

# पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना मोतीगंज का किया औचक निरीक्षण

### शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के दिये निर्देश

अमर ख्याल

गोंडा। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने थाना मोतीगंज का औचक निरीक्षण किया। जिसमें थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बंदी गृह, निमार्णाधीन आरक्षी बैरक, विवेचना कक्ष, मेंस व थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने रिकार्डो को अद्यतन करने व साफ सफाई रखने एवं महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त





महिला पुलिसकर्मियों को आने वाली महिला फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके प्रति सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करते हुए तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला आरक्षियों को अपने-अपने बीट क्षेत्र में जाकर महिलाओं व बालिकाओं से वार्ता कर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 112, 1076, 1098, 108 व 102 के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए साथ ही पुलिस अधीक्षक ने थाने के त्योहार, मासिक व अपराध रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सभी अभिलेखो को अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने क्क्ष्क्र/जनशिकायतों के सम्बन्ध में लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर प्रत्येक क्क्ष्क्र/शिकायती प्रार्थना पत्रो का स्वयं मौके पर जाकर आवेदक की संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने एवं लम्बित विवेचनाओ का भी गुणदोष के आधार पर निस्तारण, वांछित अभियुक्तो की शीघ्र गिरफ्तारी व परिसर में खड़े मुकदमाती वाहनों के निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष मोतीगंज प्रबोध कुमार, पीआरओ व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पेड़ से लटकते मिले शव की हत्या का खुलासा, हत्या का कारण रहा प्रेम प्रसंग

### प्रेमिका व उसके पिता तथा जीजा द्वारा हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया, अभियुक्तगण गिरफ्तार

अमर ख़्याल ब्यूरो

इंटियाथोक ( गोण्डा ) थाना इटियाथोक, जनपद गोण्डा पर दिनांकः 12.11.2022 को वादी राजित राम पुत्र शीतला प्रसाद निवासी ग्राम बेलवा कर्मडीह थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा द्वारा अपने पुत्र उमाशंकर को मारकर पेड़ से लटका देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी, जिसके आधार पर थाना इटियाथोक, गोण्डा पर मु0अ0सं0 0461/22 धारा 302 क्द्धउ बनाम राजा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ हुई। उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा महोदय



श्री आकाश तोमर द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 थाना इटियाथोक व सर्विलांस एवं एस0ओ0जी0 की संयुक्त टीमों को लगाया गया । सीडीआर,अन्य माध्यम से प्राप्त उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह तथ्य प्रकाश में आया कि प्रेम प्रसंग का होना पाया गया दोनो के आपत्तिजनक स्थित में पिता व उसके घरवालो द्वारा देख लिया गया जिस कारण पिता आज्ञाराम द्वारा डाँटा डपटा भी गया था तथा आज्ञाराम की उक्त मामले में बेईज्जती भी हुई थी जिसका सबक उमाशंकर को सिखाने के उद्देश्य से आज्ञाराम द्वारा अपने दामाद बबलू को बुलाया गया तथा उसके साथ मिलकर उमाशंकर की हत्या करने की योजना बनाकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया था। साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

## फर्जी वरासत के मामले में मृतक ही उत्तराधिकारी

अमर ख़्याल ब्यूरो

**मनकापुर ( गोण्डा )** फर्जी बारासत मामले में महिला ने मृतक की एकमात्र उत्तराधिकारी होने का दावा पेश करते हुए लेखपाल द्वारा की गई विरासत को सही ठहराया है उप जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर झूठी शिकायत करने वालों पर कार्यवाही की मांग की है

तहसील क्षेत्र के ग्राम गढ़रही निवासी श्यामलाल ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर कहा था कि उनके बड़े पिता छांगुर पुत्र नान्हू की संपत्ति को राममुना देवी पत्नी दुलारे निवासी दुर्जनपुर ने फर्जी वरासत कराकर जमीन को बेच दिया है जिसमें तहसीलदार द्वारा जांच कराई गई और लेखपाल का फर्जी विरासत का दोषी पाते हुए रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई वही राममुना देवी पत्नी दुलारे ने वरासत को सही ठहराते हुए उप जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह मृतक छांगुर पुत्र नानहू की एकमात्र विवाहित पुत्री हैं जिनका उनकी संपत्ति पर पूर्ण अधिकार है लेखपाल व राजस्व निरीक्षक ने गांव में जाकर सत्यापन करने के बाद मृतक छांगुर की संपत्ति को उनके नाम कर दिया। महिला ने कुछ आवश्यक कारणों से जमीन का कुछ अंश बैनामा कर दिया उन्होंने बताया कि विपक्षी श्यामलाल उस जमीन को खुद लेना चाहते थे जब उन्होंने जमीन देने से विपक्षी को मना कर दिया तब अनावश्यक दबाव लेखपाल व अन्य अधिकारियों पर बनाने के लिए बार-बार शिकायत करते है। विपक्षी श्यामलाल जालसाज पर दबंग किस्म का व्यक्ति है अधिकारियों को गुमराह कर फर्जी शिकायत करते हैं जिसकी जांच करा कर विपक्षी श्यामलाल पर कार्यवाही करने की मांग उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर की गई है

## अन्ना पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता चमन अली

**हमीरपुर ।** फसलों के समय अन्ना पशुओं की समस्या आम बात है, जबकि अन्ना पशुओं को बंद करने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत गौशाला बनवाई गई है लेकिन फिर समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत पढोरी के लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उनकी फसलें तैयार हो रही हैं लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या के चलते उन्हें दिनरात रखवाली करना पड़ता है और फिर भी मौका पाकर अन्ना पशु उनकी फसलों को बर्बाद कर देते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस सम्बंध में उन्होंने स्वयं दो तीन बार अन्ना पशुओं को गौशाला में बंद कराया है लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा गौशाला से जानवरों को निकाल दिया जाता है। और ग्राम प्रधान का कहना है कि जानवर बंद नहीं होंगे चाहे जहाँ शिकायत कर दो। इस दौरान संजय सिंह, प्रभात सिंह, अब्बास खान, जयपाल सिंह, विकास चंद्र, जब्बार खान, कालीदीन सहित एक दर्जन से अधिक लोग मौजूद रह

## पीसीएस-2021 का पद एवं श्रेणी वार कटऑफ अंक जारी, आयोग की वेबसाइट पर 22 नवंबर तक रहेगा उपलब्ध

उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने बृहस्पतिवार को सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2021 (पीसीएस2021) का कटऑफ जारी कर दिया है। अभ्यर्थियों के सभी अनिवार्य एवं वैकल्पिक विषयों/ प्रश्नपत्रों के प्राप्तांक और साक्षात्कार के प्राप्तांक तथा उनका कुल योग एवं सभी पदों पर चयन के पश्चात अंतिम चयनित अभ्यर्थियों के पदवार एवं श्रेणीवार कट ऑफ अंक आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया है। आयोग ने अंतिम परिणाम जारी क रने के एक माह के भीतर कटऑफ अंक जारी कर दिया है।

# डीएम ने की माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा व तकनीकी शिक्षा से संचालित योजनाओं समीक्षा

अमर ख़्याल

गोण्डा। जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, आईटीआई, कौशल विकास मिशन, द्वारा संचालित योजनाओं का संबंधित विभाग के अधिकारियों से गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बेसिक शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं का पंजीकरण, स्कूल यूनिफार्म, स्वेटर, मिड डे मिल, आधार सीडिंग, आधार विहीन छात्र-छात्राओं की संख्या के संबंध में, डीबीटी व्यवस्था, बच्चों के पढ़ाई व्यवस्था, बेसिक शिक्षा विभाग के जर्जर विद्यालय भवनों के



ध्वस्तीकरण, निपुण ऐप, प्रेरणा एप तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी विद्यालय, महिला छात्रावास, इसके साथ ही व्यवसायिक शिक्षा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण, कौशल विकास मिशन, इलेक्ट्रॉनिक, इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक आदि सहित अन्य कई योजनाओं की संबंधित विभाग के अधिकारियों से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी योजनाओं पर समय-समय पर विशेष ध्यान दिया जाय। ताकि इन सभी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, प्रिंसिपल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई, एलडीएम, इंडियन बैंक मैनेजर, जिला समन्वयक बेसिक शिक्षा विभाग राजेश सिंह, जिला समन्वयक गणेश गुप्ता, सहित जनपद के सभी खंडशिक्षा अधिकारी व संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे

# रुपईडीहा की स्वास्थ्य ब्यस्था की तरह भवन भी बदहाल

अमर ख्याल

रुपईडीहा ( बहराइच ) भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य ब्यस्था बदहाल है। जहाँ एक तरफ स्वास्थ्य बेवस्था चरमराई हुई है वही दूसरी तरफ स्वास्थ्य सेवा देने के लिए रुपईडीहा में बने एक मात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लगभग दो दशक पूर्व बना यह ?प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन इतना जर्जर हो चुका है कि किसी भी समय कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीहा के इस भवन में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय व ऐलोपैथिक चिकित्सालय अलग




अलग कमरों में चल रहे हैं। आयुर्वेद विभाग में डाक्टर संजय कुमार त्रिपाठी व इनके अन्य सहयोगी तैनात हैं। इसी तरह एलोपैथिक के लिए डा0 डॉ. धर्मेंद्र गौतम महिला डा0 रंजनी गुप्ता, फार्मासिस्ट चंद्र शेखर मिश्रा, वार्ड बॉय पवन कुमार मेहरोत्रा, स्टाफ नर्स संगीता रावत व नर्स शकुन्तला वर्मा की तैनाती है। इसी प्रकार ?होम्योपैथिक विभाग में डा0 जवाहर लाल गौतम व महिला डॉक्टर ज्योतिमा वर्मा तैनात हैं। यहां पर तैनात सभी चिकित्सक व उनके सहायक अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा रहे हैं। बताया जाता है कि पिछले दिनों हुई लगातार बारिश में? भवन अति जर्जर होने के चलते आए दिन छत का प्लास्टर टूट कर गिरता रहता है। छत व दीवाले भी दरक चुकी है। जिसके कारण सभी कमरे बरसात होने पर टपकने लगते है और सभी कमरों में पानी भर जाता हैं। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश से जनरल वार्ड नंबर दो, ओपीडी, ड्रेसिंग रूम व दवा वितरण कक्ष में पानी भर गया जिससे दवा वितरण कक्ष में रखी हजारों रुपयों की दवाइयां भी खराब हो गई। इसी भवन में संचालित जच्चा बच्चा केंद्र का भी बुरा हाल है। बरसात होने पर यहां तैनात चिकित्सक कमरों के बाहर आकर मरीजों को देखना बेहतर समझते हैं। क्यों कि यह भवन कभी भी धाराशाई हो सकता है।

ज्ञात हो कि यह अस्पताल जिस भवन में चल रहा है, वह हाईवे सड़क से काफी नीचा हो चुका है और नाली भी काफी उंचाई पर बनी हुई है। जिससे बरसात का पानी नाली में न जाकर सीधे अस्पताल परिसर में भर जाता है। जिससे अस्पताल तलाब का रुप धारण कर लेता है। जिससे कारण मरीज भी अस्पताल के अन्दर नहीं पहुंच पाते हैं और बाहर से ही नजारा देख कर वापस लौट जाते हैं। अस्पताल के मुख्य रास्ते पर लगा नाली का पत्थर भी टूटा हुआ है। तो बड़े खतरें को दावत दे रहा है। इस स्वास्थ्य केंद्र पर निबिया, मनवारिया, सीतापुरवा, लहरपुरवा, सहजना, केवलपुर, जैतापुर, गांगापुर, गोकुलपुर, रंजीतबोझा,पचपकरी, निधिनगर पोखरा, साईगाव, सहाबा, शिवपुर मोहनिया सहित तमाम सीमावर्ती गांवो के लोगो का स्वस्थ की बेवस्था निर्भर है। इस संबंध में जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के इंचार्ज डा0आर एन वर्मा से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीहा का भवन बहुत पुराना हो चुका है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। फिलहाल जर्जर छत व पूरे भवन की जल्द ही मरम्मत कराई जाएगी।

## जनमानस के बीच जनसंवाद स्थापित कर , सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु किया जागरूक

अमर ख्याल संवाददाता

कटरा बाजार ( गोण्डा )जनपद के तेजतर्रार पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने शासन की मंशानुसार यातायात माह के दृष्टिगत अभियान चलाकर आमजनमानस को जागरूक करने व कानून एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थाना अध्यक्ष को कड़े निर्देश दिए,वही दूसरी तरफ थाना कटरा बाजार के थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में थाना क्षेत्र व सार्वजनिक स्थल और भीड़-भाड़ इलाके वाले क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण सील होकर आमजनमानस के बीच जन-संवाद स्थापित कर शासन द्वारा दिए गए आदेश को अवगत कराकर अलर्ट करते हुए कहा कि अगर कोई भी यातायात संबंधित नियमों का उल्लंघन व सार्वजनिक स्थलों पर कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने व उपद्रव उत्पन्न करने व महिला संबंधित अपराध करता हुआ पाया गया, तो तत्काल प्रभाव से



शीघ्र ही गिरफ्तारी करके सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक त्वरित कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेज दिया जाएगा।थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ने पैदल फ्लैग रूट मार्च के दौरान यातायात व मिशन शक्ति अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अपने अधिकारों हेतु लड़ने के लिये जागरुक किया एवं महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी भी दी गयी व सभी से यातायात के नियमों को पालन करने की अपील की गयी

साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करते हुये विभिन्न माध्यमों से होने वाली साइबर ठगी व अन्य अपराधों के बारे में अवगत कराते हुये हेल्पलाइन नं0 1930 के बारे में बताया गया। इस पैदल फ्लैग रूट मार्च के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक चितवन कुमार ,उप निरीक्षक सभाजीत ,उप निरीक्षक जयहिन्द सिंह,उप निरीक्षक साहेब कुमार, उप निरीक्षक सरफराज ,उप निरीक्षक अमित कुमार ,समस्त आरक्षी व महिला आरक्षी सहित मौजूद रहे

# धान की नहीं हो रही तौलाई किसान पस्त, अधिकारी मस्त

मनोज वैश्य




सीतापुर । तहसील बिसवा में धान खरीद नहीं हो पा रही है किसानों के द्वारा मीडियाकर्मी को बताया गया कि पिछले 4 दिनों से उसका आईसर ट्रेक्टरझ्ट्राली पर धान लगभग 40 से 50 कुंटल रूकनापुर स्थित नवीन मंडी स्थल बिसवा में धान लदा हुआ खड़ा है। पर उसकी तौलाई नहीं की जा रही है वजह पूछने पर किसानों के द्वारा बताया गया ढाई सौ रुपए प्रति कुंटल के हिसाब से अलग से मांगा जा रहा है कि अगर तुम इतना रुपया दोगे तभी तुम्हारे धानों की तौलाई की जाएगी वरना तौलाई नहीं की जाएगी और ना ट्रैक्टरझ्ट्रॉली अब वापस जाएगी यही खड़ी रहेगी। जब इस बात की पुख्ता जानकारी करने के लिए मीडियाकर्मी के द्वारा वहां पर मौजूद सेंटर पर अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा यह हमारा अधिकार क्षेत्र नहीं है मेरे हाथ में बिसवा फर्स्ट का चार्ज है और दूसरे अधिकारी जो वही पर मौजूद थे उनके हाथ में बिसवा सेकेंड आता है इसमें हम लोग कुछ नहीं कर सकते हैं तभी वहीं पर मौजूद दलाल हैं उनके द्वारा मीडियाकर्मी के सामने सेंटर पर मौजूद एमआई प्रमोद व एमआई विनीत के सामने बताया गया उसके द्वारा ढाई सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीद पर मांगे जा रहे थे और वहीं पर मौजूद अधिकारियों के सामने यह सब बातें हो रही थी पर अधिकारियों के द्वारा यह सब अनजान बनकर सुना जा रहा था इसमें हम कुछ नहीं कर सकते हैं बस यही सुना जा रहा था इसका तो बस यही मतलब है यह सब कुछ पहले से ही तय है जब इस बारे में अन्य किसानों से जानकारी ली गई तो कुछ नहीं बताया कि हमारे लाए हुए धान की तौलाई हो रही है जब किसान सुंदरलाल पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम आढूसराय तहसील बिसवा से पूछा क्या उनसे भी पैसा मांगा गया तो वह हंसकर जवाब देने लगे अब यह भी कोई पूछने की बात है अब मेहनत करते हैं कुछ तो उनका भी हक बनता है धान को सड़ जाने से तो अच्छा है कि कुछ ना कुछ लेझ्रदेकर अपना काम करवा लो इसी में भलाई है वरना यहां पर आप लोग देख तो रहे है कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जब इस बारे में किसान कमलेश पुत्र श्री कृष्ण निवासी शिवपुरी जिला तहसील बिसवा,आशीष कुमार पुत्र राजकुमार निवासी छी तहसील बिसवां,टॉनिक चंद्र पुत्र सुखपाल निवासी छूलाभारी तहसील बिसवा, श्री कृष्ण,सुनील पुत्र किशोरी निवासी झरहापुर तहसील बिसवां जनपद सीतापुर यह सभी लोग रुकनापुर मंडी स्थल तहसील बिसवां जनपद सीतापुर में कल दिनांक 16 नवंबर 2022 को वहीं पर खड़े परेशान थे कि कब उनकी ट्रैक्टर ट्राली से धान की तौलाई शुरू होगी। इस मामले की शिकायत मंडी सचिव एके सिंह से लेकर एसडीएम पीएल मौर्या तक पहले ही की जा चुकी है बस किसानों से यह कहा जा रहा है जाइए आप के धान की तौलाई शुरू हो जाएगी पर 4 दिन से दौड़ भाग और मायूसी के अलावा किसानों के चेहरे पर कुछ नहीं नजर आया अधिकारियों के चेहरे पर जू तक नहीं रेंगी। जब इस संबंध में मंडी सचिव एके सिंह से जानकारी की गई तब उन्होंने बताया कि मैं तो अभी मंडी से ही आ रहा हूं मेरे संज्ञान में तो ऐसा मामला कोई नहीं आया है मुझे तो किसी भी किसान ने आकर यह नहीं बताया कि पैसा मांगा जा रहा है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी पैसा मांग कर अपनी नौकरी नहीं गवांएगा कुछ हद तक दलाल हर जगह लगभग सक्रिय हैं यह बात उन्होंने स्वीकार की है उन्होंने बताया ?20 तो पड़ता है पर ढाई सौ रुपए तो गैर वाजिब है ऐसा हो नहीं सकता है जब पूछा गया कि किसान के द्वारा आपसे शिकायत की गई है उसके बावजूद भी अभी तक तौलाई नहीं हो रही है तो उन्होंने बताया कि किसी भी किसान ने आकर मुझसे कोई शिकायत नहीं की है। जब इस संबंध में एसडीएम पी एल मौर्य से जानकारी की गई तो को बताया कि मामले की जानकारी नहीं है ऐसा नहीं होगा बाकी मैं दिखवा ले रहा हूं। मामले की जानकारी करते हुए किसान कमलेश से बात करते हुए मीडिया कर्मी को 17 नवंबर को दोपहर 1.33 पर फिर से जानकारी ली गई क्या उनके धान की तौलाई शुरू हो गई है तो उसने बताया अभी तक कुछ नहीं हुआ सब जस का तस पड़ा है कोई सुनवाई नहीं हो रही है यहां पर कोई सुनने वाला नहीं है चाहे वह मंडी सचिव हो,चाहे एसडीएम सब अनजान बनकर देख रहे हैं जब किसान कमलेश से 3:30 पर बात की गई तो उसकी धान से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को मंडी से बिना तौलाई किए हुए वापस कर दिया गया यह जमीनी स्तर की सच्चाई जहां एक तरफ जहां नोडल अधिकारी के द्वारा धान खरीद को लेकर वेरी गुड कहा जा रहा है। डीएम अनुज सिंह किसानों से धान खरीद को लेकर मंडी में बिचौलियों के ऊपर सख्त तेवर दिखा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ उनके ही मातहत उनके आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं। किसानों की मांग है कि डीएम अनुज सिंह और योगी सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाही करें और उनके धान के तलाई सही तरीके से सुचारू रूप से हो सके।

## राम नाम के जप से मिलती सुख समृद्धि



**अमर ख्याल ब्यूरो**

**रुपईडीहा ( बहराइच )** भगवान राम आदर्शों के प्रतिमान है। कलयुग में मानव के उद्धार का सिर्फ भगवान राम ही आधार है। आराधना भाव से करने पर व्यक्ति सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। यह बाते कथा व्यास आचार्य मनोज अवस्थी ने कही। यह राम कथा 9 नम्बर से 17 नवंबर तक अनवरत श्री राम कथा की संगीतमय प्रस्तुति कथा व्यास आचार्य मनोज अवस्थी द्वारा की जा रही है। रुपईडीहा कस्बे के संकट मोचन हनुमान मंदिर में आयोजित भगवान कथा में कथा वाचक ने भगवान राम की महिमा का बखान किया। कथा व्यास आचार्य मनोज अवस्थी ने कहा कि भगवान राम बहुत कृपालु है। वह भक्तों की सदा सहायता करते हैं आचार्य ने कहा कि मनुष्य मधुर वाणी से समाज में तो अपना स्थान बना ही सकता है,भगवान का भी वह प्रिय बन सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति के साथ ही मनुष्य को आपस में भी प्रेम व्यवहार से रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलयुग एकहि नाम अधारा, दैव दैव आलसी पुकारा, अर्थात तुलसीदास ने भी रामचरित मानस में कहा है कि भगवान राम का नाम लेने भर से व्यक्ति के सारे दुःख दूर हो जाते हैं। कथा व्यास ने वनवास प्रसंग, गंगा तट पर केवट संवाद की कथा का वर्णन भी किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान राम चन्दर जायसवाल,जनकदुलारी जायसवाल व गोमती देवी जायसवाल गोमती देवी जायसवाल,उषा देवी जायसवाल, जगमोहन जायसवाल, रक्षा राम जायसवाल, प्रवीन जायसवाल, नन्द किशोर जायसवाल, दीपक जायसवाल, शालनी जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल, हनुमान मंदिर के महन्त हनुमान दास,राम चन्दर अग्रवाल, मनीराम शर्मा, संजय कुमार वर्मा, शिम्मी जायसवाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे

## विकासखंड स्तरीय महराजगंज ब्लॉक परिसर मे मेले का आयोजन किया गया



**अमर ख्याल , सोनी कुमारी**

**महराजगंज ( रायबरेली )** कृषि सूचना तंत्र के सुद्रढीक रण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला का हुआ आयोजन सरकार द्वारा समय-समय पर किसानों के लिए तमाम तरह की योजनाएं चलाई जा रही है जिनसे किसान जहां लाभान्वित होते हैं तो वही इन योजनाओं से उनको भरपूर जानकारी भी मिलती है। राज्यकीय कृषि बीज भंडार एवं राजकीय कृषि रक्षा इकाई महराजगंज द्वारा ब्लॉक परिसर मे मेले का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे समाजवादी पार्टी के बछरावां विधानसभा से विधायक श्यामसुंदर भारती ने मेले का उद्घाटन किया एवं आए हुए किसानों को सरसों की बीज की पैकेटे बांटी । राजकीय कृषि रक्षा इकाई द्वारा उन्नति प्रजाति की खेती करने के लिए अधिकारियों ने किसानों को जागरूक किया और कृषि से संबंधित तमाम प्रकार की जानकारियां दी । मेले में महराजगंज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा छय रोग( टीबी ) संबंधित कैंप लगाया गया और रोगियों को जागरूक किया गया । पशु विभाग द्वारा भी कैंप लगाया गया पशुपालन करने वाले किसानों को कैंप द्वारा विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई

# भारतीय जीवन बीमा निगम ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

अमर ख्याल ब्यूरो



कैसरगंज ( बहराइच ) स्थानीय हुकुम सिंह इंटर कॉलेज में भारतीय जीवन बीमा निगम सैटेलाइट कार्यालय कैसरगंज के तत्वाधान में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम का संचालन माध्यमिक शिक्षा विभाग नोडल अधिकारी कैसरगंज वी.पी.सिंह व संयोजन शिक्षक व बीमा अभिकर्ता एस.के. सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित शाखा प्रबंधक सुधीर कुमार ने कहा कि भारतीय जीवन बीमा निगम अत्यंत अल्प आय के मेधावी छात्रों के लिए एलआईसी गोल्डन जुबली स्कॉलरशिप स्कीम अवार्ड प्रतिवर्ष आयोजित करती है जिसमें जिसमें मेधावी छात्रों को 3 वर्ष तक लगातार शिक्षा के लिए एलआईसी नगद धनराशि की माध्यम से दुर्बल आय वर्ग के छात्रों की सहायता अध्ययन हेतु सहायता करती है। उन्होंने कहा कि लगभग 7 दशक के अधिक समय से भारतीय जीवन बीमा निगम भारतीय नागरिकों के बीच उनकी सुरक्षा व संरक्षण के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों को साथ सदैव सहायता के लिए तत्पर रहती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति विद्यालय प्रबंधक विश्वपाल सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानचंद कनौजिया, पूर्व प्रधानाचार्य तेज नारायण आदि ने भी संबोधित भारतीय जीवन बीमा निगम के सराहनीय सामाजिक कार्यो की सराहना करते हुए छात्रों को शिक्षा प्रेरक जानकारियां दी। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा दर्जनों छात्रों को शील्ड व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य अखिलेंद्र चौधरी, प्रवक्ता ध्रुव राज सिंह, राम शंकर सरोज, लाल बहोरन मौर्या, रंजीत वर्मा, नीलेन्द्र विक्रम सिंह, अवलोक कुमार सरोज एलआईसी अभिकर्ता, कुलदीप सिंह, शिक्षक मोहम्मद हारुन, सुरेंद्र कुमार, महेन्द्र सिंह, अरस्तु, लवकुश यादव, अरविन्द कुमार, भीम सिंह, श्याम सिंह, शिक्षिका रीता सिंह, विन्दू, डॉ. बबिता रानी श्रीवास्तव, डा.लतिका सिंह, डॉ. शकुन्तला सिंह, वन्दना त्रिवेदी, व्यवसायिक शिक्षक ?कमलेश कुमार सिंह, नृपेन्द्र प्रताप सिंह, वित्तविहीन शिक्षक मनोज कुमार वर्मा, बुधराज सिंह, अजय कुमार ओझा, भरतजी अवस्थी, शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश जिलाध्यक्ष कुमार मंजुलम मिश्रा, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार पाठक, अनिल कुमार आदि सहित शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे

## असलहे के साथ प्रदर्शन करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल**

**गोरखपुर ।** अपराध एवम अपराधियों पर पूर्ण रुप से अंकुश लगाये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गोरखपुर के दिशा-निर्देश में व पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के कुशल मार्ग निर्देशन व दुर्गेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ गोरखपुर के निर्देशन मे उ0नि0 संजीव कुमार व का0 विनित कुमार भारती द्वारा असलहे के साथ प्रदर्शन करने वाला अभियुक्त आजाद अली पुत्र मो0 नसिर निवासी वजीराबाद कालोनी थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर को सम्बन्धित मु0अ0सं0-383/2022 धारा-188,336 भा0द0वि0 व 7 सी0एल0ए0 एक्ट में हिरासत मे लिया गया जिसे विधिक कार्यवाही पुरी करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है

## मां शिवकुमारी शुक्ला इण्टर कालेज में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस



**मनोज त्रिपाठी**

**लालापुर ( प्रयागराज )** क्षेत्र के मां शिवकुमारी शुक्ला इण्टरमीडिएट कॉलेज भटपुरा-लालापुर में अंतरराष्ट्रीय छात्र दिवस विद्यालय प्रांगण में बड़े धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक विवेक शुक्ला उर्फ लाला शुक्ला एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य नागेश कुमार शुक्ला ने किया।विद्यालय के प्रबन्धक लाला शुक्ला एडवोकेट ने बताया कि 17 नवंबर को हर साल विश्व अंतर्राष्ट्रीय छात्र दिवस के तौर पर मनाता है। कई देशों में इस दिन छात्रों के साथ ही शिक्षक भी उत्साह मनाते हैं। छात्र और शिक्षक के बीच का रिश्ता आदिकाल से ही माता-पिता के रिश्ते से भी बढ़कर माना जाता है। विश्वामित्र और द्रोणाचार्य जैसे गुरु हुए तो एकलव्य और अर्जुन जैसे छात्र भी हुए लेकिन आज के जमाने में ऐसे गुरु छात्रों का मिलना मुश्किल होता है एक आदर्श छात्र बनाने के लिए गुरु यानी शिक्षकों को ही प्रयास करना पड़ता है इंटरनेशनल स्टूडेंट्स डे दुनिया भर के स्टूडेंट्स के बीच बहुसंस्कृतिवाद, विविधता और सपोर्ट का उत्सव है। अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस चेक रिपब्लिक देश की राजधानी प्राग के उन हजारों विद्यार्थियों की बहादुरी की याद में मनाया जाता है जो सन 1939 में उच्च शिक्षा के अधिकार के लिए नाजी सेना के खिलाफ चले गए थे। उस समय चेक रिपब्लिक(चेकोस्लोवाकिया) के कुछ हिस्सों पर नाजियों का राज था. उस समय प्राग के स्टूडेंट्स और वहां के अध्यापकों ने नाजियों के खिलाफ एक प्रदर्शन किया. इस प्रदर्शन के दौरान नाजियों द्वारा चलाई गोलियों में एक स्टूडेंट की मृत्यु हो गयी. इसके बाद भी यह प्रदर्शन जारी रहा. 17 नवंबर, 1939 के दिन नाजी सैनिकों ने लगभग बारह सौ स्टूडेंट्स को गिरफ्तार किया था. जिनमें से नौ छात्रों को फांसी दे दी गयी थी. इसके बाद वहां के सभी शिक्षण संस्थानों को भी बंद कर दिया था. उन छात्रों की बहादुरी को याद रखने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है

## पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित करने का दिन, देशभर मे मनाया गया राष्ट्रीय प्रेस दिवस

### बिना डर पत्रकारिता करना अहम जिम्मेदारी' : शंकरलाल पाण्डेय

मनोज त्रिपाठी



प्रयागराज। देश भर मे सोमवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। प्रेस दिवस जिम्मेदार मीडिया की मौजूदगी के रूप मे प्रत्येक वर्ष 16 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने नैतिक प्रहरी के रूप में काम करना शुरू किया था ताकि प्रेस के उच्च मानकों को बनाए रखा जा सके और यह किसी प्रभाव या खतरे से बंधी न रहे। दरअसल, चार जुलाई 1966 को भारत में प्रेस परिषद की स्थापना की गई थी, जिसने 16 नवंबर 1966 से अपना विधिवत कार्य शुरू किया था तब से लेकर आज तक, हर साल 16 नवंबर की तारीख 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' के रूप में मनाई जाती है। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रेस की स्वतंत्रता सबसे ज्यादा जरूरी है, इसी बात को याद दिलाने और लोगों तक इसे पहुंचाने के लिए प्रेस दिवस मनाया जाता है।

**लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय ने दी मीडिया कर्मियों को शुभकामनाएं**

'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' के मौके पर शकरगढ़ विकासखण्ड के ग्राम सभा भटपुरा-लालापुर ग्राम प्रधान शंकरलाल पाण्डेय ने मीडियाकर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री पाण्डेय ने कहा कि "प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है यह पारदर्शिता को बढ़ावा देता है और प्राधिकरण को जवाबदेह रखता है, राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर, हम उन पत्रकारों का सम्मान करते हैं, जिन्होंने सच्चाई को सामने लाने के लिए अपनी जान की बाजी तक लगा दी।" उन्होंने कहा यह एक ऐसा दिन है जो याद दिलाता है कि लोकतंत्र में प्रेस की स्वतंत्रता कितनी महत्वपूर्ण है। सिस्टम में जवाबदेही और पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए मीडिया को बिना किसी डर के काम करने में सक्षम होना चाहिए। विकास सिंह ने कहा यह बिना किसी डर या पक्षपात के जिम्मेदार पत्रकारिता के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि का दिन है। उम्मीद करता हूं कि मीडिया हमारे लोकतंत्र में उत्तरोत्तर रचनात्मक भूमिका निभाएगा।

## दहेज उत्पीड़न करने व जान से मारने की नियत से हमला करने के आरोप में एक अदद नाजायज चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल**

**गोरखपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराध एंव अपराधियो पर नियंत्रण रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक उत्तरी के कुशल मार्ग निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के प्रवेक्षण मे थानाध्यक्ष सहजनवा के नेतृत्व में उ0नि0 सुशील सिंह मय हमराह द्वारा अभियुक्त राजीव कुमार गुप्ता पुत्र रमेश चन्द्र गुप्ता निवासी बरईपार बाजार थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की नियत से हमला करने के आरोप में एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 521/2022 धारा 147/323/324/307/504/506/498 ए भादवि व 3/4 डी0पी0 एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सहजनवा जनपद गोरखपुर पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मौदहा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्र ने पांच वारंटी अभियुक्त किए गिरफ्तार



**संवाददाता चमन अली**

**हमीरपुर** पुलिस अधीक्षक शुभम पटेल के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मौदहा प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक लतीफ खान, अरविंद कुमार व आरक्षी अमित कुमार को धारा 323 व 504 आईपीसी से संबंधित चार वारंटी अभियुक्तगण रामकुमार पुत्र भोला, श्रीमती माया पत्नी रामकुमार,श्रीमती राम भाई पत्नी स्वामी दीन व भोला पुत्र छोटा निवासीगण- ग्राम सीजवाही थाना मौदहा व धारा 323,504 व 506 आईपीसी से संबंधित वारंटी अभियुक्त लल्लू सिंह पुत्र भवानी दिन ठाकुर निवासी ग्राम सिजवाही थाना मौदहा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

## मोरम माफियाओं ने शुरू किया प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन

### 26/5 में एनजीटी के नियमों की खुलेआम उड़ा रहे धज्जियां

संवाददाता चमन अली



हमीरपुर । बुंदेलखंड के चर्चा में बने रहने वाले हमीरपुर जिले में अवैध खनन थमने का सिलसिला शुरू हो गया है। जहां पर मौरंग माफिया न्यायालय के निदेर्शों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। खदानों में भारी भरकम प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन करने का सिलसिला मोरंग माफियाओं के गुर्गों द्वारा किया जा रहा है। एनजीटी के नियमों को ताक में रखकर दिन-रात मानक के विपरीत अवैध खनन किया जा रहा है। चिकासी थाना क्षेत्र के घुरौली खंड संख्या 26/5 मे भारी भरकम मशीनों द्वारा बीच जलधारा से खनन का कारोबार जारी है।मौरंग खनन संचालक द्वारा बेतवा नदी की जलधारा को प्रभावित कर भारी भरकम प्रतिबंधित मशीनों द्वारा लाल सोने की निकासी की जा रही है। खनन माफिया को प्रशासन का जरा भी डर नहीं है रात और दिन खनन के कार्य में लगा हुआ है। साथ ही जमकर ओवरलोड परिवहन किया जा रहा है।जिसके चलते राजस्व का भारी मात्रा से हनन किया जा रहा है। लेकिन जिला प्रशासन अनजान बना बैठा है।खनन माफियाओं को प्रशासन का डर न होने पर अवैध खनन करने में मसगुल है। खनन माफिया द्वारा अधिकारियों की लोकेशन लेने हेतु लोकेटर को भी लगाया गया हैं । यदि कोई प्रशासनिक अधिकारी खनन क्षेत्र की तरफ जाता है तो लोकेटर द्वारा खनन माफियाओं को जानकारी हासिल हो जाती है।पहले से ही सचेत होकर वैध खनन करने का प्रयास करने लगते हैं।बुंदेलखंड के किसानों के लिए अतिवृष्टि भले ही अभिशाप बना हो, लेकिन यह अतिवृष्टि खनन कारोबार से जुड़े माफियाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। नदियों का जलस्तर घट जाने का बेजा लाभ उठाते हुए कारोबारी पुलिस और प्रशासन के गठजोड़ से 'लाल सोना' यानी मौरंग लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। घुरौली खंड सं0 26/5 मे बेतवा नदी मे अवैध पुल बनाकर जलधारा तक बदल दी गई है और पोकलैंड व जेसीबी मशीनों के जरिए नदी की कोख खाली कर मोरंग का परिवहन किया जा रहा है। हालांकि खनिज अधिकारी से इस विषय पर फोन लगाकर सूचना लेने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं लगा।

# बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर श्रृद्धांजलि दी

## बाला साहब ठाकरे जी के कदम चिन्हों पर चलने का लिया दृढ़ संकल्पःशैली शर्मा

अमर ख्याल



पीलीभीत। शिवसेना संस्थापक बाला साहब ठाकरे की 10 वीं पुण्यतिथि पर शिवसेना पीलीभीत इकाई द्वारा शिवसेना कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बालासाहेब ठाकरे को याद किया। शिवसेना जिलाध्यक्ष शैली शर्मा ने बाला साहेब ठाकरे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए कहा कि बाला साहब स्वतंत्र भारत की एकमात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने कभी भी सत्ता का मुंह नहीं किया बाला सब कहते थे सत्ता किसी भी की भी हो सरकार हम हैं बाला साहब ठाकरे को पुष्पांजलि देते हुए जिला उपप्रमुख प्यारे लाल प्रजापति ने कहा कि बालासाहेब हिंदुत्व के लिए उठने वाली प्रथम आवाज से हिंदुत्व के प्रति पूर्णता समर्पित है।। शिवसेना प्रवक्ता एडवोकेट आरके शर्मा जी ने कहा कि शिवसेना संस्?थापक बाला साहब ठाकरे की छवि एक कट्टर हिंदूवादी नेता की रही, उन?होंने कभी चुनाव नहीं लड़ा लेकिन हमेशा किंग मेकर की भूमिका में रहे। शिवसेना मीडिया प्रभारी राजू मौर्य ने बताया कि बाला साहब ठाकरे जनता की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे चाहे वो मराठी हो या गैर मराठी, बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त को टाडा कानून के तहत फंसने के बाद बाला साहेब ठाकरे ने उनकी हर संभव मदद की थी। श्रद्धांजलि देने वालों में शिवसेना जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्यारे लाल प्रजापति, प्रवक्ता कानूनी सलाहकार एडवोकेट आर के शर्मा, राजू मौर्या, हर्षित गंगवार, हरीश कश्यप, राजेश मौर्य, अचल शर्मा, दीपू शर्मा, साहिल सिंह आदि कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डफरिन अस्पताल पहुंची दिल्ली की सीबीआई टीम, दो बच्चियों का कराया मेडिकल परीक्षण

जिला महिला चिकित्सालय (डफरिन)में बुधवार को दिल्ली से सीबीआई की एक टीम पहुंची। पांच सदस्यीय टीम अपने साथ दो बच्चियों को लेकर आए जिनमें से एक का मेडिकल कराया गया। करीब तीन घंटे तक रहने के बाद टीम वापस चली गई। शाम करीब पांच बजे सीबीआई की टीम डफरिन अस्पताल में पहुंची। दो गाड़ियों से पहुंची टीम के साथ दो बच्चियां व उनका पिता भी था। बच्चियों की उम्र 16 व 11 साल थी। टीम के सदस्य सीधे इमरजेंसी में पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अनीता यादव से एक बच्ची का मेडिकल परीक्षण करने को कहा।

# राज्य मंत्री सतीश चंद्र ने महराजगंज मंडी में पहुंचकर धान खरीद केंद्र का गहनता से निरीक्षण किया



अमर ख्याल , सोनी कुमारी

महराजगंज ( रायबरेली ) खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री ने किया धान खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण


योगी सरकार किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई और दिक्कत का सामना ना करना पड़े इसके लिए प्रतिबंध है ।बृहस्पतिवार को महराजगंज पहुंचे खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने महराजगंज मंडी में पहुंचकर धान खरीद केंद्र का गहनता से निरीक्षण किया खाद्य रसद राज्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना होने पाए और किसानों का अधिक से अधिक धान खरीदा जाए । महराजगंज मंडी में धान खरीद केंद्र के तीन सेंटर लगे हुए हैं तीन जगह तौल हो रही है खाद्य रसद राज्यमंत्री ने किसानों से धान खरीद की जानकारी ली और कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का शिकार ना होना पड़े । राज्य मंत्री के निरीक्षण से धान खरीद केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों के पसीने छूटते नजर आए इस मौके पर एस माई सुनीता यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।

**खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा से किसान विकास सिंह निवासी जिहवा ने कहा पिछले 10 दिनों से दौड़ रहे हैं धान की तौल नहीं हो पा रही है अबकी बार सेंटर अधिक ना होने के कारण हम किसानों को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही वहीं मौजूद अन्य किसानों ने भी खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री से अपनी समस्या बयां की**

# बाल पुष्टाहार घोटाले के पकडे जाने पर जिम्मेदारों में हड़कम्प भृष्टाचार की पुष्टि के लिए ग्राम प्रधान को दी गई नोटिस

अमर ख्याल अहमद रजा

तुलसीपुर ( बलरामपुर ) वैसे तो विभाग कार्यो के पारदर्शिता के तमाम दावे कर रहा है कि कार्यकुशलता में कोई लापरवाही व भृष्टाचार की कोई जगह नही है। लेकिन धरातल पर इसकी हकीकत कुछ और बया कर रही है? जहां पर बाल विकास विभाग में व्यापत भृष्टाचार जबरदस्त तरीके से होते देखा जरहा है।अभी ताजा मामला जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर विकासखंड के लाल नगर सिपहिया आंगनवाड़ी केंद्र का है जहां से आंगनवाड़ी कार्यकत्री रश्मि पांडे द्वारा रिक्शे पर लाद कर काला बाजारी हेतु बाजार लाया जरहा था जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों के मिलने पर उन्होंने रिक्शे का पीछा किया और साथ ही मीडिया कर्मी को सूचना दी जिसके चलते तुलसीपुर रेलवे परिसर में आंगनवाड़ी कार्यकत्री खाद्यान सहित रिक्शा छोड़ अपने सहयोगियों संग फरार होगायी जिसकी सूचना पुलिस और विभागीय अधिकारियों को दी गई जिस पर विभागीय अधकारियों ने मॉल ग्रामप्रधान के सिपुर्द किया की पुनः बटवाया जायेगा और एक शपथ पत्र प्रधान से प्राप्त का लिया गया लेकिन अधिकारियों को मनसा कुछ और नजर आही है जिसके चलते प्रधान पर भ्रष्टाचार की सूचना देने और पकड़वाने को लेकर एक नोटिस जारी किया गया है जिसमे ये कहा गया है कि आप घटना होने की पुष्टि करते हुए विभाग को लिखित बयान दें जिससे भ्ष्टार्चार करने वाले आंगनवाड़ी कार्यकत्री पर कारवाही की जा सके जबकि काला बाजारी की गाड़ी और मॉल



बरामद होने पर विभाग स्वतः संज्ञान लेकर कारवाही करनी चाहिए लेकिन ऐसा न करके भ्रष्टाचार को अंकुश को लेकर ग्रामीणों ने मॉल बरामद करवाने पर विभागीय पोल खुलने के डर से ग्रामीणों को भयभीत करने के लिए ये खेल खेला जरहा है की दोबारा भृष्टाचार की सूचना या रोकने के हिम्मत कोई न करे जबकि सूत्रों से पता चला है कि आंगनवाड़ी कार्यकत्री को बचाने के लिए प्रधान लाल नगर पर विभागीय व राजनीतिक दबाव बनाया जारहा है जिससे कारवाही न हो।इस सम्बंध में अधिकारियों ने गाव में जा कर वितरण का हाल जाना और ग्रामवासियो से बात करने पर 6 महीने में वितरण की बात आई जबकि सीडीपीओ तुलसीपुर का फोन नही लगा जिससे उनका पक्ष नही मिल सका।

# खरीदी हुई दुल्हन ने पहली रात ही दिया धोखा

**लुटेरी दुल्हन**

**अखिलेश कुमार** , स्टेड हेड यूपी कन्नौज । शादी के दिन ही नगदी समेत जेवर ले उड़ी लुटेरी दुल्हन कन्नौज के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के असालतनगर गांव में सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब दुल्हन परिजनों को बेहोश कर घर से नकदी व जेवरात लेकर चंपत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। एक दिन पहले ही मंदिर में विवाह की रस्म अदायगी की गई थी हालांकि शादी के लिए तहसील में स्टांप पर लिखा पढ़ी भी कराई गई थी कोतवाली क्षेत्र के असालतनगर निवासी रिंकू पुत्र रामचंद्र हलवाईगीरी का काम करता है। चार भाइयों में वह दूसरे नंबर का है। बड़े भाई की शादी हो चुकी है। रिंकू (25) की शादी के लिए परिजन काफी समय से परेशान थे। रिंकू की मां रामदुलारी ने बताया कि बेटे की शादी के लिए वह काफी परेशान थी। इस बीच बैजूरामपुर निवासी सुरजीत से उनकी बातचीत हुई। उसने बेटे की शादी कराने का भरोसा दिलाया। रिंकू ने बताया कि शादी के नाम पर वह पहले उससे 15 हजार रुपए ले गया। बाद में पांच हजार रुपए और ले गया। इसके बाद उसने आजमगढ़ जनपद के पलिया गांव की पूजा नाम की लड़की से उसकी शादी की बात 60 हजार रुपए में पक्की कर दी। सोमवार को सुरजीत लड़की पूजा और



उसके अन्य परिजनों के साथ उनके घर पहुंचे। पूरी बात तय हो जाने के बाद 60 हजार रुपए दुल्हन पक्ष के परिजनों को दिला दिए गए। इसके बाद वह लोग कालिका देवी मंदिर पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना के बाद रिंकू ने दुल्हन पूजा की मांग भी परिजनों के मुताबिक देर शाम वह लोग अपने गांव पहुंचे और यहां स्थित गमादेवी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण के में खाना-पीना होने के बाद सभी लोग सोने चले गए। देर रात करीब डेढ़ बजे नई नवेली दुल्हन ने दूल्हा समेत उसके परिजनों और रिश्तेदारों को कोई नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिससे वह सभी बेहोशी की हालत में गहरी नींद में सो गए। इसके बाद दुल्हन ने घर में रखे जेवरात और नगदी समेटी और रफूचक्कर हो गई। इस बीच छत पर लेटे दूल्हा रिंकू का भांजा शिवम की किसी तरह आंख खुल गई और जब उसने घर का नजारा देखा, तो उसके होश उड़ गए। काफी देर तक वह सभी को जगाता रहा, लेकिन किसी की आंख नहीं खुली। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची दूल्हे की मां रामदुलारी ने बताया कि दुल्हन उसके घर से तोडियां, बाला, नथुनी और करीब पांच हजार नकदी समेत मोबाइल चोरी कर ले गई हैं

**60 हजार दुल्हन पक्ष के परिजनों को दिए गए**

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दोनों की गांदरें डलवाई गई दूल्हा के बड़े भाई सत्यप्रकाश ने बताया कि उसने अपने परिजनों को इस शादी के लिए मना किया था, लेकिन वह लोग नहीं माने उसके भाई की शादी कराने का ठेका लेने वाले मझिया की तलाश में जुटे हैं

लंबे इंतजार के बाद किसी तरह रिंकू दूल्हा बना था, लेकिन उसे क्या पता था कि 80 हजार रुपए खर्च करने के बाद खरीदी गई दुल्हन उसे पहली ही रात धोखा देकर रफूचक्कर हो जाएगी दुखी रिंकू ने बताया कि जिसने उसकी शादी का जिम्मा लिया था, उसने उससे 20 हजार रुपए पहले ही ले लिए थे और जब शादी हुई तब दुल्हन के परिजनों को 60 हजार रुपए और दिलवाए। इसके बाद भी दुल्हन उसकी नहीं हुई। दुल्हन इतना सब होने के बाद घर में रखा जेवरात और नकदी भी ले गई

# तुलसीपुर रोजगार मेले में 210 युवाओं का हुआ चयन




**अमर ख्याल , अहमद रजा**

**तुलसीपुर ( बलरामपुर )** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड तुलसीपुर परिसर में आयोजित एक दिवसीय रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में 10 कंपनियों के एचआर द्वारा कुल 210 बेरोजगार युवाओं का चयन किया गया ।रोजगार मेले का संचालन प्लेसमेंट अधिकारी आशीष भूषण द्वारा किया गया ।इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त कुलदीप सिंह, श्वेता मिश्रा, एमआईएस मैनेजर पंकज कुमार सिंह, आईटीआई इंस्ट्रक्टर चंदन यादव, बलवीर सिंह, रवि श्रीवास्तव मौजूद रहे

# आरोपी को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 39000 रु अर्थदण्ड की सजा

**अमर ख्याल , अहमद रजा**

**बलरामपुर ।** न्यायालय द्वारा एससी एक्ट के आरोपी को आजीवन कारावास 39000 रुपए की अर्थदंड की सजा सुनाई है मामला है न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को ज्यादा से ज्यादा सजा दिलाए जाने के अभियान के क्रम में वादी मुकदमा संजू देवी पुत्री रामकेवल सा0 मो0 विशुनीपुर थाना को0 नगर बलरामपुर की लिखित तहरीरी सूचना शादी का ढोंग रचाकर वादनी के साथ दुष्कर्म करना व चिल्लने पर गाली गलौज मारपीट करना एवं जाति सूचक शब्द का प्रयोग करके जान से मारने की धमकी देने के आधार पर थाना को0 नगर पर पंजीकृत रउ/रळ्ू३ बनाम 1. शिवमंगल तिवारी पुत्र हनुमान प्रसाद तिवारी नि0 शंकरपुर बिशुनीपुर थाना को0 नगर जनपद बलरामपुर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ जिसके अभियोग की विवेचना क्षेत्राधिकारी श्रीश्चन्द्र द्वारा की गयी व आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की मॉनीटरिंग सेल प्रभारी के0के0 यादव ,विशेष लोक अभियोजक रणधीर सिंह (अऊ्रछ) द्वारा प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय जिला एव सत्र न्यायावय बलरामपुर द्वारा उपरोक्त धाराओं के अपराध में अभियुक्त उपरोक्त को आजीवन कारावास व 39000 रु के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी

# इंदिरा मैराथन की तैयारियां पूरी, 42 किलोमीटर की होगी दौड़, विजेता को मिलेंगे दो लाख रुपये

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जन्म जयंती पर 19 नवंबर को आयोजित होने वाली इंदिरा मैराथन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मदन मोहन मालवीय स्टेडियम स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि मैराथन दौड़ आनंद भवन से सुबह 6:30 बजे शुरू होगी, जिसके बाद स्वराज भवन इलाहाबाद विश्वविद्यालय आयुक्त आवास, महर्षि पतंजलि, पुलिस लाइन में हाल चौराहा धोबी, घाट चौराहा, एजी ऑफिस, पत्थर गिरजाघर, बिग बाजार, मेडिकल चौराहा, देहाती रसगुल्ला, चुंगी चौराहा से होते हुए रीवा रोड पर पहुंचेगी। रीवा रोड चाका ब्लाक होते हुए मामा भांजा तालाब से दौड़ते हुए धावक डांडुपुर पेट्रोल टंकी पर पहुंचेंगे

# नेपाल में होने वाले आम चुनाव के दृष्टिगत 72 घंटे सील रहेगा भारत नेपाल बॉर्डर

अमर ख्याल , अहमद रजा



बलरामपुर । नेपाल में 20 नवंबर को होने वाले आम चुनाव को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने के उद्देश्य से नेपाल के दांग जिले के अधिकारियों एवं जनपद बलरामपुर के अधिकारियों की भारत-नेपाल समन्वय बैठक एसएसबी कैंप में आयोजित हुई ।बैठक में जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा नेपाल से आए अधिकारियों का स्वागत किया गया। बैठक में नेपाल के दांग जिले के मुख्य जिला अधिकारी द्वारा नेपाल में होने वाले चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु 72 घंटे पूर्व नेपाल बॉर्डर सील किए जाने, नेपाल बॉर्डर पर पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने में सहयोग किए जाने के अपेक्षा की गई। बैठक के दौरान सीमा स्तंभों, मादक पदार्थों व मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने, सीमा पर हो रहे सड़क निर्माण, सीमा पर अवांछनीय गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने, वन संपदा की सुरक्षा सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई ।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नेपाल में होने वाले आम चुनावों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा की गई है,उनको अमल में लाया जाएगा।

इस अवसर पर दांग जिले के मुख्य जिला अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जिलाधिकारी डॉ महेंद्र कुमार द्वारा स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाई गई पेंटिंग भेंट किया गया ।इस अवसर पर दांग जिले के मुख्य जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, पुलिस अधीक्षक नेपाल प्रहरी, पुलिस अधीक्षक दांग, अ प ा र इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टर डांग, कमांडेंट 9 वी बटालियन एसएसबी उपेंद्र तिवारी, कमांडेंट 50 वीं बटालियन, कमांडेंट 62 वी बटालियन, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ ज्योति गौतम, एसडीएम तुलसीपुर मंगलेश दुबे, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# किसान विरोधी है बीजेपी सरकार जिलाध्यक्ष मुन्नीलाल यादव

अमर ख्याल



चौरी चौरा समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट मुन्नीलाल यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भाजपा सरकार किसानों के साथ आए दिन दुर्व्यवहार कर रही है यह सरकार किसान विरोधी है क्योंकि आज खरीफ फसल की कटाई हो चुकी है किसान अपने खेतों से धान को काटकर घर में रखे हैं किंतु अभी तक धान क्रय केंद्र संचालित न होने से किसानों में काफी आक्रोश है श्री यादव ने बताया कि चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में विकासखंड ब्रह्मपुर में ठकुराई मुंडेरा गजाईकोल जगदीशपुर व सरदारनगर ब्लॉक में डुमरी खास चौरा व बिशंभरापुर में धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं आज दिन भी इन केंद्रों पर खरीदारी धान की नहीं की जा रही है यहां तक ठकुराई मुंडेरा और गजाईकोल में जो धान क्रय केंद्र बनाए गए हैं केंद्रों पर कोई उपस्थित नहीं है तथा ठकुराई मुंडेरा में कागज में केंद्र बने हुए हैं इस प्रकार से किसान परेशान है देश व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार किसानों के बारे में नहीं सोच रही है न तो इनके जनप्रतिनिधि किसानों के इस दुर्दशा को समझ रहे हैं न तो समाधान करने का प्रयास भी नहीं कर रहे हैं भाजपा सरकार किसान विरोधी है समाजवादी पार्टी की सरकार में किसानों के हित में लगातार काम हो रहे थे किसानों को समय से खाद बीज धान और गेंहू की खरीदारी समय बहुत तेजी से हो रहा था लेकिन तो आज बीज व धान के केंद्रों पर कोई खरीदारी नहीं हो रही है जिस प्रकार से यह सरकार किसानों के विपरीत कार्य कर रही है समय आने पर किसान इनको जवाब देने का काम करेंगे किसानों के आय दुगना करने की बात तो भूल गए किसान की समस्या को सुनने की लिए तैयार नहीं है अगर खाद बीज तत्काल उपलब्ध नहीं होता है तो किसानों के इस समस्या को लेकर समाजवादी पार्टी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

# बॉलीवुड के अभिनेता गौरव कुमार रायबरेली में डॉ रिजवी मेमोरियल स्कूल में फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे

अमर ख्याल , सोनी कुमारी



महाराजगंज ( रायबरेली ) लालगंज बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता रायबरेली की शान फिल्म एक्टर गौरव कुमार आज रायबरेली जनपद के लालगंज स्थिति डॉ रिजवी मेमोरियल स्कूल में अपनी फिल्म रायबरेली का प्रमोशन करने पहुंचे आपको बताते चलें कि फिल्म एक्टर गौरव कुमार रायबरेली जनपद के ही निवासी है उन्होंने अपने आत्मविश्वास प्रचंडित कड़ी मेहनत और कर्तव्यनिष्ठा से फिल्म जगत में अपना स्थान बनाया उन्होंने कम उम्र और कम समय में अनाथे , सीतापुर सिटी ऑफ गैंगस्टर , शूटआउट इटावा सफारी , झुमकी , आदि जैसी फिल्मों मे काम किया और अपने शहर के युवाओं को प्रोत्साहित किया साथ ही उन्होंने कई फिल्मों मे काम भी दिलाया और तो और अपने शहर रायबरेली नाम पर एक फिल्म भी बना डाली वह बचपन से ही चाहते थे कि जैसे मुंबई शहर का नाम फिल्म जगत के लिए जाना जाता है और शूटिंग के लिए चुना जाता है वैसे ही उनका शहर रायबरेली में भी फिल्म जगत के लोग आए और शूटिंग करें साथ ही एक्टर गौरव कुमार ने यहां के युवाओं तथा युवतियों को फिल्मों में अपनी कला को प्रदर्शित करने का मौका दिलाया और यह फिल्म रायबरेली बनाने के बाद उनका कहना है कि मेरी बचपन की जो इच्छा थी वह आज पूरी होती नजर आ रही है और हाल ही में एक्टर गौरव कुमार ने बॉलीवुड के जानेमाने खलनायक गुलशन ग्रोवर जी के अभिनय में दो-दो हाथ भी किए गौरव कुमार अभी रायबरेली मूवी के प्रमोशन में व्यस्त हैं उनकी फिल्म रायबरेली 11 नवंबर को रिलीज हो गई है दर्शकों को बहुत ज्यादा पसंद आ रही है खासतौर से गौरव कुमार इस मूवी में शंकर डॉन के रूप नजर आ रहे हैं लोगों का मानना है कि गौरव कुमार ने शंकर डॉन के रोल में जान ला दी उनके साथ फिल्म जगत के दिनेश कुमार श्रीवास्तव विकास श्रीवास्तव, राहुल भदौरिया ,आदि मौजूद रहे

# लल्लन द्विवेदी जनता इंटर कालेज पर हुआ कला प्रदर्शनी, शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह

**चौरीचौरा ( गोरखपुर )** जनपद के विकास खण्ड ब्रहम्पुर में स्थित श्री लल्लन द्विवेदी जनता इण्टर कालेज पर दिनांक 17 नवम्बर दिन गुरुवार को कला प्रदर्शनी,शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रिय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह व सांसद रवि किशन शुक्ला ,विशिष्ठ अतिथि विधायक सहजनवां प्रदीप शुक्ला ,विधायक बासगांव विमलेश पासवान,ग्रामीण अभियन्त्रण की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम रहीं सबसे पहले उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय में स्थापित श्री लल्लन द्विवेदी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात छात्र / छात्राओं द्वारा बनाई गयी कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित के साथ किया गया तथा सरस्वती वन्दना की प्रस्तुती की गई

**अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई**

मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बड़े माडल विद्यालय में जिस तरह की प्रदर्शनी देखने को मिलती वह आज इस विद्यालय में देखने को मिली है यहां के शिक्षक शिक्षिकायें बधाई के पात्र हैं जिन्होंने बच्चों के इस प्रतिभा को बाहर लाने का कार्य किया है बच्चो को सिर्फ किताबी ज्ञान देना तो बहुत आसान है लेकिन बच्चो की प्रतिभाओं को बाहर निकलना सराहनीय कार्य है सांसद रवि किशन शुक्ला आज यहां के बच्चो ने हमें सरप्राइज कर दिया है अपनी प्रतिभा को दिखाकर हमारे पिता पंडित श्याम नारायण शुक्ला बड़े विद्वान थें उन्हीं के बदौलत हमें लोग जानते हैं उन्हीं के संस्कार की देन है कि हमने फिल्म इंडस्ट्रीज बनाकर लोगों को रोजगार देने का किया हूं और करता रहूंगा उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख सुमन यादव,राकेश त्रिपाठी,प्रबंधक प्रदीप पाण्डेय,रविकांत तिवारी,मानावेन्द्र यादव,राजकुमार गुप्ता,महेश्वर द्विवेदी तथा विद्यालय के प्राधानाचार्च विकास दूबे,उप प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन द्विवेदी,धन्नजय मिश्रा,सुभाष नायक,धीरज कुमार सहित समस्त स्टाप मौजूद रहें



# आयल, गैस एजेंसियों का निरीक्षण करें : डीएम

अमर ख्याल , राजेश कुमार

**मथुरा। ऑयल एवं गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे किसी भी तरह की संकट की स्थिति को टाला जा सके। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला संकट स्थित समूह (कारखाना) के सहायक निदेशक कारखाना को निर्देश दिये कि सभी ऑयल एवं गैस एजेंसी के कारखानों का निरीक्षण करें तथा पायी गई कमियों से कम्पनियों को अवगत कराएं और अगली बार उन कमियों पर कंपनियों द्वारा की गई कार्यवाही पर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करें। लगातार निरीक्षण करतें रहें और मानकों के अनुसार भण्डारण एवं उसके रख रखाव का जायजा लें। विभिन्न ऑयल निर्मित कम्पनियों के सुझावों पर चर्चा की गई, जिसमें आपातकालीन स्थिति पर ग्रीन कोरिडोर बनाना, उचित एम्बुलेंस सेवा एवं हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस सेवा, लोकल थानों एवं डॉक्टरों के नम्बरों आदि पर चर्चा की गई।**

## दहेज की मांग पूरी ना होने पर महिला को घर से निकाला महिला के पति ने मायके वालों के साथ की मारपीट

अमर ख़्याल। राहुल कुमार

रामपुर। पटवाई/दहेज में पांच लाख रुपए और दहेज ना मिलने पर महिला के पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने इसकी पूरी जानकारी अपने भाई पिता को दी गुरुवार को सुबह में पहुंचे भाई पिता को भी पीड़ित महिला के पति ने लाठी-डंडों से पीट दिया। पीड़ित महिला ने पटवाई थाने पहुंचकर पति भूरा ससुर रामकुमर , जेठ महेंद्र, रामपाल ,राकेश के खिलाफ शिकायत पत्र पटवाई थाना प्रभारी हरेंद्र यादव को सौंपा है। और कार्रवाई करने की मांग की है महिला की शादी एक साल पूर्व जिला मुरादाबाद के दौरबाग से पटवाई थाना क्षेत्र के नान कार के रहने वाले भूरा पुत्र रामकुमार को हुई थी। महिला का आरोप है कि ससुराल वाले शादी में कम दहेज और ?पाच लाख ना देने पर पति भूरा महिला के साथ मारपीट करता है और दहेज की मांग करता है बुधवार रात्रि में दहेज की मांग को लेकर महिला को पति भूरा ने पीट दिया इसकी शिकायत महिला ने अपने भाई पिता को बताई पिता भाई गुरुवार को नान कार गांव बहन के यहां पहुंचे तो पीड़ित महिला के पति भूरा ससुर जेठ ने महिला के भाई पिता को लाठी-डंडों से पीट दिया महिला भाई पिता ने पटवाई थाने पहुंचकर ससुरालियों के खिलाफ दहेज की मांग और मारने पीटने की शिकायत की है।

# फुले सेना ने गांजा चरस की बिक्री पर अंकुश लगाने सौंपा 3 सूत्रीय ज्ञापन

अमर ख्याल , राजेश कुमार

मथुरा। जनपद में फुले सेना के तत्वाधान में जिला संयोजक संतोष सैनी के नेतृत्व में आज सैकड़ों की संख्या में श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंह नगर पुलिस अधीक्षक मथुरा को मिलकर 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

बीते माह मथुरा एसएसपी अभिषेक यादव ने मथुरा को नशा मुक्त बनाने के लिए सार्थक पहल की थी, एसएसपी ने समाज के लिए अभिशाप बन चुकी नशाखोरी को खत्म करने के लिए जीरो ड्रग्स अभियान की शुरूआत की थी।

### एसएसपी का जीरो ड्रग्स अभियान बना कागजी दिखावा

एसएसपी ने कहा था कि इस अभियान के तहत नशा करने वाले और बेचने वाले दोनों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इस अभियान से आम लोगों को जोड़ते हुए एसएसपी ने दो नंबर जारी किए हैं। मथुरा पुलिस की तरफ से जारी किए गए नंबर 9193100112 व 112 पर कोई भी नागरिक सूचना दे सकता है। सूचना देने वाले से न तो नाम पूछा जायेगा और न ही उसे किसी भी चौकी थाने पर बुलाया जाएगा। यानी उसकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जायेगी परंतु जनपद में चरस गांजा अफीम की बिक्री आज भी धड़ल्ले से हो रही है ड्रग्स युवा पीढ़ी को अपनी जकड़ में ले रहा है इस जहर से युवा पीढ़ी को बचाने के लिए फुले सेना ने 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। 3 सूत्रीय ज्ञापन में पुलिस चौकी बिरला मंदिर थाना गोविंद नगर के समीप खुलेआम सरेआम बेखौफ होकर दबंग नशा माफियाओं द्वारा गांजा चरस की बिक्री एवं जुआ सट्टा माफिया द्वारा क्षेत्र में खुलेआम जुआ सट्टा कर युवा पीढ़ी एवं समाज को बर्बाद करने का कार्य किया जा रहा है तत्काल रुकवाने तथा दोषी लोगों पर कार्रवाई हेतु 3 सूत्रीय ज्ञापन सौंपने के दौरान लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश सैनी अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लोकेश कुमार राही, बृजलाल कामरेड, राज गब्बर नेता, बृजमोहन सैनी, भाजपा गोपी सैनी, गोविंदा सैनी, गोविंद सैनी, चंदू सैनी, हिमांशु सैनी, गौरव सैनी, अतुल सैनी, राजेश सैनी, जगदीश सैनी, वृंदावन सैनी, संतोष सैनी, बृजलाल कामरेड, भोला सैनी, लक्ष्मण सैनी, राहुल सैनी, विक्रम सैनी, राजकुमार सैनी, मुकेश सैनी, राजू सैनी, नवीन सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, प्रहलाद सैनी, सुखबीर सैनी, ओम प्रकाश सैनी, हरि सिंह सैनी, रमेश चंद सैनी, नंदकिशोर सैनी, गोकुल सैनी, दीपन सैनी, रोहतास तंवर आदि उपस्थित थे



# बिना अनुमति पैरा ग्लाइडर उड़ाकर दिया निरंकुशता का परिचय

## जन मानस से खिलवाड़ करने वाले के विरुद्ध पैरा ग्लाइडर कम्पनी मालिक ने मामूली धाराओं में दर्ज कराई रिपोर्ट

अमर ख्याल , राजेश कुमार

मथुरा। जनपद के पैरा ग्लाइडर कम्पनी के मालिक ने उप जिलाधिकारी कार्यालय में उड़ान भरने हेतु अनुमति के लिए आवेदन किया परंतु अनुमति मिलने से पूर्व ही चालक द्वारा सवारी लेकर उड़ान भर कर जन जीवन को खतरे में डाल दिया और पैरा ग्लाइडर हाइबोल्टेज विधुत लाइन में फंस गया लेकिन ईश्वर की कृपा से बड़ा हादसा होने से बच गया लेकिन जिम्बेदार अधिकारी ने खींसे नापोर कर बयान दिया कि कोई दुर्घटना नहीं हुई बयान जारी करते समय अधिकारी यह भूल गए कि कोई हादसा हो जाता तो सरकारी आंकड़े के मुताबिक एक गिनती मात्र होती लेकिन जिस परिवार के साथ घटना घटित होती उस परिवार से ताल्लुक रखने वाले लोगों से पूछो उनकी तो दुनियां ही उजड़ जाति और ऐसे अति संवेदनशील मामले में मामूली धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाना क्या कोई खेला होने का इशारा है। उक्त प्रकरण में पुनीत शर्मा पुत्र शैलेंद्र शर्मा निवासी आनंद बिहार थाना हाइवे के द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार वो पैरा मोटर ग्लाइडिंग नील कंठ क्वचर 161 ए चिंताहरण मंदिर जोगपुर बांगर महावन में बतौर एम डी कार्यरत हैं और उन्होंने उप जिलाधिकारी को पैरा मोटर ग्लाइडिंग के प्रशिक्षण हेतु आवेदन किया था लेकिन 15 नम्बर को उनको जानकारी हुई कि उनके चालक सुभाष दुर्भे पुत्र जुंगी दुर्भे निवासी नागपुर द्वारा पैरा मोटर

**अधिकारी खींसे नापोर बोले कोई हादसा नहीं हुआ**

ग्लाइडिंग का बिना अनुमति लिए ट्रायल के दौरान उनका पैराशूट विधुत लाइन से टकरा गया लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई और यह सब सुभाष दुर्भे की लापरवाही बरतने के कारण हुआ था। पुनीत शर्मा की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकद्दमा संख्या 598 सन 22 279,287 आईपीसी दर्ज कर विवेचना उप निरीक्षक प्रेम नारायण शर्मा को सौंप दी लेकिन रिपोर्ट कर्ता की चालाकी यह रही कि सुभाष दुर्भे का पूरा पता रिपोर्ट में अंकित नहीं कराया गया। वहीं दूसरी तरफ अगर एफ आई आर को सही माने तो क्या ट्रायल के समय सवारी यात्री लेकर ट्रायल करना आम जन मानस की जिंदगी को खतरे में जानबूझ कर डालना न्यायोचित कृत्य था और ऐसे अमानवीय कृत्य में मामूली चार लाइन की रिपोर्ट दर्ज करा कर एम डी पुनीत शर्मा कैसे पल्ला झाड़ सकते है और कैसे शासन और प्रशासन आसानी से राहत दे सकता है। उक्त प्रकरण में ईश्वर की कृपा से कोई जन हानि नहीं हुई लेकिन अगर हो गई होती तो क्या होता उस परिवार का जिसकी तो दुनियां ही उजड़ गई होती लेकिन शासन प्रशासन की नजर में मात्र एक गिनती से ज्यादा कुछ नहीं होता। ऐसे अक्षम्य अपराध और अपराध करने वाले लोगों को कैसे माफ किया जा सकता है लेकिन शायद यहां पर माफ है तभी आसानी से राहत मिलने वाली धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है

# पटवाई पुलिस ने शांतिभंग में किया दो का चालान



अमर ख़्याल। राहुल कुमार

रामपुर ।पटवाई/ गुरुवार को थाना पटवाई पुलिस द्वारा अलग अलग मामलो मे 02 नफर 1. प्रेमपाल पुत्र शंकरलाल नि0 ग्राम निस्वी का मझरा थाना पटवाई जनपद रामपुर 2.लीलाधर पुत्र छोटेलाल नि0 ग्राम जनकपुर थाना पटवाई जनपद रामपुर उम्र 50 वर्ष 3.जयवीर सागर पुत्र रामफूल सागर नि0 ग्राम जिवाई कदीम थाना पटवाई जनपद रामपुर उम्र 20 वर्ष 4.विक्की पुत्र चरनसिंह निवासी ग्राम जिवाई कदीम थाना पटवाई जनपद रामपुर को शान्ति व्यवस्था भंग होने के मद्देनजर अन्तर्गत धारा 151/107/116 सी0आर0पी0सी0 गिरफ्तार कर सम्वंधित न्यायालय चालान किया गया

## ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु ने पत्रकारों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई

अमर ख्याल , राजेश कुमार

मथुरा। ब्रज प्रेस क्लब द्वारा राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया, जिसमें पत्रकारों की समस्याओं को सरकार से निराकरण की मांग की गई। एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव व ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट की अध्यक्षता में मनाए गए समारोह में सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर सरकार से समस्या में कटौती ना करने एवं पत्रकारों का उत्पीड़न रोकने मांग की। एनयूजेआई के राष्ट्रीय सचिव एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमलकांत उपमन्यु के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर एवं भारतीय प्रेस परिषद की अध्यक्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट मुख्य न्यायाधीश श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई को स्मृति चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया तथा पत्रकारों की समस्याओं को उनके समक्ष रखकर तत्काल निराकरण की मांग की।

श्री उपमन्यु ने कहा कि पत्रकारों की समस्या में रेल आदि सुविधाओं में कमी की जा रही है रेल सुविधा को पत्रकारों को जारी की जाए तथा कोरोना संकट में जो हताहत हुए पत्रकार परिवारों को जीवन यापन के लिए सरकार सहायता दे।

इस अवसर पर इस अवसर पर भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एनयूजेआई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रज्ञानंद चौधरी, एनयूजेआई के राष्ट्रीय महासचिव व भारतीय प्रेस परिषद सदस्य प्रसन्न मोहंती, ज्ञान पत्रकार इंस्टिट्यूट के मालिक अनुज गर्ग, भारतीय प्रेस परिषद के पूर्व सदस्य अशोक नवरत्न, राम रतन चौधरी, रमेश चंद शर्मा जी आदि उपस्थित रहे।

# सावधान : लगातार होते रहे हादसों के बाद भी जिम्मेदार नहीं ले रहे सुध

अमर ख्याल , राजेश कुमार

मथुरा। विकास की इस गाथा पर तो रोना आता है। गुजरात के मोरबी में हुए हादसे पर बहस में डूबे लोग अपने आसपास की सच्चाई पर मुहं फेर लेते हैं। मथुरा जनपद में एक दो नहीं दर्जनों की संख्या में नहर, नालों, राजवाह के ऊपर अंग्रेजों के समय के खडे जर्जर पुलों से प्रतिदिन हजारों लोग गुजर रहे हैं। इन पुलों पर आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। जिम्मेदार विभागों के द्वारा इन पुलों की सुध नहीं ली जा रही। जबकि कई पुल ऐसे हैं कि पुलों के दोनों साइड में दीवार पूरी तरह खत्म हो चुकी है। जिसकी वजह से लोग नहर, नाले व रजवाह में वाहन सहित गिर जाते हैं और कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। इन बड़े हादसों के होने के बाद भी सिंचाई विभाग के द्वारा कोई सबक नहीं लिया गया। इन पुलों पर हर वर्ष सर्दी के मौसम में कोई साइन बोर्ड या रिफ्लेक्टर नहीं होने की वजह से पुल का पता नहीं लग पाता है। जिसकी वजह से नहर में बाइक कार आदि बड़े वाहन कूद जाते हैं और लोग दुर्घटना में घायल भी हो जाते हैं। कोसी शेरगढ़ रोड पर गांव पैगाम के पास में शेरगढ़ रजवाह पर बने अंग्रेजों के जमाने के जर्जर पुलों से रोज गुजर रहे है। लगभग डेढ़ वर्ष पहले हरियाणा से गांव जटवारी में भात नोतने के लिए आए थे तभी लौटते समय रात्रि में ईको गाड़ी पुल से नीचे कूद गई थी जिसमें बच्चों सहित लगभग आठ लोग घायल हो गए थे जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके बावजूद भी आज तक इस पुल की मरम्मत नहीं की गई लगभग तीन वर्ष पहले भी इसी पुल पर धुलेंडी के दिन गांव अजीजपुर के रहने वाले दो बाइक सवार नौहझील की तरफ अपनी रिश्तेदारी में होली खेलने के लिए जा रहे थे, तभी बाइक सवार युवक इस पुल पर टकराकर नीचे गिर गए थे। जिन की मौके पर ही मौत हो गई थी। शेरगढ़ राजवाह पर ही छाता पैगाम रोड पर बने पुल की भी दीवार कई वर्षों से टूटी हुई है। जिसकी वजह से अंधेरे में कई गाड़ियां नहर में कूद गई है और कई बाइक सवार कूदकर घायल हो चुके हैं। बार बार शिकायत करने के बाद भी सिंचाई विभाग के कान पर जू तक नहीं रेंग रही गांव पैगाम के रहने वाले पीतम का कहना है कि छाता की तरफ से आते समय यह पुल दिखाई नहीं देता है जिसकी वजह से कार और बाइक सवार उसमें कूद जाते हैं और घायल हो जाते हैं जबकि कई लोग जान भी गंवा चुके हैं फिर भी आज तक सिंचाई विभाग के द्वारा इस पुल की मरम्मत नहीं की गई यह पुल अंग्रेजों के जमाने में बनाया गया था।

एक नजर

## यंग स्टार अकादमी ने वोल्वरहैम्पटन एफसी के साथ हाथ मिलाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली की यंग स्टार अकादमी ने भारत में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) क्लब वोल्वरहैम्पटन वांडरर्स एफसी के साथ साझेदारी की है। यंग स्टार अकादमी ने विज्ञप्ति में कहा, यंग स्टार अकादमी और वोल्व्स का विजन समान है जो फुटबॉल का विकास है। यंग स्टार अकादमी में हम वोल्व्स की मदद से जमीनी स्तर की फुटबॉल में क्रांति लाने का इरादा रखते हैं। उन्होंने कहा, इसका लक्ष्य भारत और यूरोप के बीच तकनीकी विशेषज्ञता के अंतर को पाटना और इसके जरिए बच्चों के खेल प्रतिनिधित्व को अधिकतम करना है। वोल्वरहैम्पटन की टीम अभी ईपीएल अंक तालिका में 20 टीम के बीच अंतिम स्थान पर चल रही है।

## एशियाई एयरगन प्रतियोगिता में भारत का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी



**नई दिल्ली।** भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने कोरिया के डेगू में 15वीं एशियाई एयरगन चैंपियनशिप में अपना स्वर्णिम प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन दांव पर लगे चारों स्वर्ण पदक जीत लिए। प्रतियोगिता में अभी दो दिन और बाकी हैं और भारत 21 स्वर्ण पदक जीत चुका है। दिन की पहली पदक स्पर्धा के ऑल इंडिया फाइनल में रिद्धम सांगवान ने पलक को 16-8 से हराकर साल का अपना दूसरा अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। रिद्धम ने विश्व कप के काहिरा चरण के दौरान भी इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। एक अन्य ऑल इंडिया फाइनल में मनु भाकर ने 10 मीटर एयर पिस्टल महिला जूनियर स्पर्धा में ईशा सिंह को करीबी मुकाबले में 17-15 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के फाइनल में शिव नरवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू की तिकड़ी ने ली डेमयुंग, मोक जिन मुन और पार्क डेइहुन की कोरिया की टीम को 16-14 से शिकस्त दी। जूनियर पुरुष स्वर्ण में भी सागर डांगी, सम्राट राणा और वरूण तोमर की भारतीय टीम ने बाजी मारी। भारतीय तिकड़ी ने मुखामद कमालोव, नूरीद्दीन नूरीदिनोव और इल्खोमबेक ओबिदजोनोव को 10 मीटर एयर पिस्टल टीम पुरुष जूनियर स्पर्धा के फाइनल में एकतरफा मुकाबल में 16-2 से हराया।

# टी20 विश्व कप 2024 का रोडमैप अभी से कई खिलाड़ियों को मिलेगा मौका : पंड्या

**एजेंसी ■ वेलिंगटन**

भारत के कार्यवाहक टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि 2024 टी20 विश्व कप का रोडमैप अभी शुरू हो गया है और कई खिलाड़ियों को टीम में जगह बनाने का दावा पुख्ता करने का मौका दिया जाएगा। भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से दस विकेट से हार गई।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में भारत की कप्तानी कर रहे पंड्या ने कहा कि टीम को विश्व कप की नाकामी से उबरना होगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा , हम सभी जानते हैं कि विश्व कप के प्रदर्शन से निराशा है लेकिन हम पेशेवर हैं और इससे उबरना होगा। हम जैसे सफलता को पीछे छोड़ देते हैं, वैसे ही इस असफलता को भी भुलाकर आगे की ओर देखना होगा। अपनी गलतियों से सबक लेना होगा। अगला टी20 विश्व कप 2024 में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला



जाएगा। ऐसी संभावना है कि अगले दो साल में भारतीय टीम में काफी बदलाव होंगे और विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे कई सीनियर खिलाड़ियों की रवानगी होगी।

पंड्या ने कहा , अगले टी20 विश्व कप में अभी दो साल है। हमारे पास नई प्रतिभाएं तलाशने के लिए समय है। काफी क्रिकेट खेली जाएगी और कई खिलाड़ियों को मौके मिलेंगे। उन्होंने कहा , रोडमैप अभी से शुरू होता है लेकिन अभी बहुत जल्दबाजी है। हमारे पास काफी समय है तो हम आराम से इस पर विचार करेंगे। फिलहाल यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी यहां खेलने का मजा लें। भविष्य के बारे में बाद में बात करेंगे। न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे

> ➲ पंड्या ने कहा , अगले टी20 विश्व कप में अभी दो साल है। हमारे पास नई प्रतिभाएं तलाशने के लिए समय है।

पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। श्रृंखला में विराट, रोहित, केएल राहुल, दिनेश कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन को कार्यभार प्रबंधन के तहत आराम दिया गया है। उनकी गैर मौजूदगी में शुभमन गिल, उमरान मलिक, ईशान किशन और संजू सैमसन को मौका दिया गया है।

पंड्या ने कहा , सीनियर खिलाड़ी यहां नहीं है लेकिन जिन्हें चुना गया है , वे भी डेढ दो साल से खेल रहे हैं। उन्हें काफी मौके दिए गए और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वे अपनी उपयोगिता साबित कर चुके हैं।उनके लिए काफी रोमांचित हूं। नए खिलाड़ी, नई ऊर्जा, नया रोमांच। उन्होंने कहा , कइयों के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां अच्छा खेलने पर वे चयन का दावा पुख्ता कर सकेंगे। भारत की सेमीफाइनल में हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने अपने कॉलम में लिखा था कि भारत ने 2011 में वनडे विश्व कप जीतने के बाद कुछ हासिल नहीं किया है और सीमित ओवरों के इतिहास में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन करने में हमेशा नाकाम रही है। इस बारे में पूछने पर पंड्या ने कहा , मुझे नहीं लगता कि हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत है। खराब खेलने पर लोग आलोचना करेंगे ही जिसका हम सम्मान करते हैं। खेल में हर कोई बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करता है। हमें किसी को कुछ साबित करने की जरूरत नहीं है।


## खेल मंत्रालय ने विनेश फोगाट को बुल्गारिया में अभ्यास की मंजूरी दी

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

खेल मंत्रालय ने भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को बुल्गारिया के बेलमेकेन में पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता सेराफिम बरजाकोव की देखरेख में ऊंचाई वाले स्थल पर अभ्यास करने की मंजूरी दे दी है।

राष्ट्रमंडल खेलों में तीन बार की स्वर्ण पदक विजेता फोगाट के साथ उसके फिजियो अश्विनी पाटिल भी बेलमेकेन जाएंगे। बेलमेकेन समुद्र तल से लगभग 2600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह 19 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शिविर सात नवंबर से शुरू होगा जिसमें कुछ अन्य शीर्ष पहलवानों जैसे बिलियाना डुडोवा (2021 विश्व चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता) और एवेलिना निकोलोवा (2020 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता) के भी शामिल होने की संभावना है। मंत्रालय ने कहा कि विनेश और उनके फिजियो का सारा खर्च भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत उठाया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा, टॉप्स के तहत विनेश को अन्य खर्चों के लिए प्रतिदिन 50 डॉलर भी दिए जाएंगे।



मंत्रालय टॉप्स के तहत ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया को 18-19 नवंबर तक न्यूयॉर्क में होने वाली बिल फेरेल इंटरनेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगा।उसने कहा, इस प्रतियोगिता से बजरंग को अमेरिका में कुछ दिग्गज और उदीयमान पहलवानों से भिड़ने का मौका मिलेगा। हाल में समाप्त हुई विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2022 में अमेरिका ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था।

## मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स : प्रज्ञानानंदा, एरिगेसी फिर हारे

**एजेंसी ■ सेन फ्रांसिस्को**

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा मेल्टवॉटर चैम्पियंस टूर फाइनल्स के दूसरे दौर में बुधवार को नीदरलैंड के अनीश गिरी से 3.5 . 2.5 से हार गए। भारत के अर्जुन एरिगेसी को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने 2.5 . 0.5 से हराया। प्रज्ञानानंदा ने पहले दो गेम जीते लेकिन फिर उनकी पकड़ ढीली हो गई। गिरी ने लगातार तीन गेम जीते और चौथे को टाइब्रेकर में अपने नाम किया। पिछले महीने ऐमचेस रैपिड टूर्नामेंट में कार्लसन को हराने वाले एरिगेसी को इस बार नॉर्वे के इस धुरंधर से पराजय झेलनी पड़ी।



कार्लसन ने पहला गेम 75 चालों में जीता और दूसरा 86 चालों के बाद ड्रॉ रहा। दूसरे दौर के अन्य मैचों में वियतनाम के कुआंग लिएम ली ने अमेरिका के वेसले सो को 2.5 . 0.5 से हराया जबकि पोलैंड के जाज क्रिस्टोफ डुडा ने अजरबैजान के शखरियार मामेदियारोव को 2.5 . 1.5 से शिकस्त दी।

## हार के बाद नडाल एटीपी फाइनल्स से बाहर, रूड सेमीफाइनल में

**एजेंसी ■ तूरिन**



बाईस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता रफेल नडाल एटीपी फाइनल्स में हारकर बाहर हो गए और एक बार फिर यह खिताब जीतने का उनका सपना अधूरा रह गया। शीर्ष वरीयता प्राप्त नडाल को पहली बार इस टूर्नामेंट में खेल रहे फेलिक्स आगर एलियास्मि ने 6 . 3, 6 . 4 से हराया। यह ग्रुप चरण में उनकी लगातार दूसरी हार थी। इसके अलावा तीसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने टेलर फ्रिट्ज को हराकर नडाल का बाहर होना तय कर दिया। इस नतीजे से कार्लोस अलकाराज का साल के आखिर में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहना तय है। नडाल अपने कैरियर में दूसरी बार लगातार चार मैच हारे हैं। अमेरिकी ओपन और पेरिस के बाद यह उनकी लगातार चौथी हार थी। सत्र की शुरूआत में उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन जीता था लेकिन चोट के कारण विम्बलडन सेमीफाइनल से हटना पड़ा। नडाल ने हार के बाद कहा , मुझे नहीं लगता कि मैं टेनिस खेलना या मानसिक रूप से मजबूत होना भूल चुका हूं। मुझे सारी सकारात्मक चीजों को याद करके मजबूती के सथ वापसी करनी होगी। नडाल ने दस प्रयासों में कभी भी एटीपी फाइनल्स नहीं जीता है। वह 2010 और 2013 में उपविजेता रहे।

## शॉर्ट न्यूज

### अन्वेषा आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में, समीर, सिमरन, रितिका ने नाम वापस लिया

**सिडनी।** अन्वेषा गौड़ा ने आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को जीत के साथ आगाज किया और वह टूर्नामेंट में अकेली भारतीय खिलाड़ी बची हैं। दिल्ली की 14 वर्ष की अन्वेषा इस साल छह फाइनल खेलकर चार जूनियर अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत चुकी हैं। उन्होंने पिचाया एलिसिया विरावोंग को 21 मिनट में 21-9, 21-11 से मात दी। अब उनका सामना मलेशिया की गोह जिन वेइ से होगा। गोह ने भारत की तान्या हेमंत को 21 . 15, 21 . 16 से शिकस्त दी। भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त समीर वर्मा ने टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है। सिमरन सिंघी और रितिका ठाकेर ने भी नाम वापिस ले लिया। महिला युगल में रितुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा को चीनी ताइपै की ली चिया सिन और तेंग चुन सुन ने 21 . 16, 21 . 14 से मात दी।

### शरत कमल आईटीटीएफ एथलीट आयोग में पहले भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ के खिलाड़ियों के आयोग में चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए। एशिया, अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशनिया से आठ खिलाड़ी (चार पुरूष और चार महिला) 2022 से 2026 के लिए आयोग में चुने गए हैं। भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को 187 वोट मिले जबकि उनसे अधिक वोट सिर्फ रोमानिया की एलिजाबेटा समारा (212) को ही मिले। चीन की लियू शिवेन महिला कोटे से चुनी गई लेकिन उन्हें सिर्फ 153 वोट मिले। शरत कमल ने भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , मैं काफी अभिभूत हूं। मैं समूचे एशिया और हर मतदाता को इस प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद देता हूं। इसके अलावा प्रशासकों की समिति को भी मेरा नाम आईटीटीएफ को भेजने के लिए धन्यवाद देता हूं। सात से 13 नवंबर तक हुए मतदान में विभिन्न क्षेत्रों के आठ उम्मीदवारों के चयन के लिए 283 खिलाड़ियों ने वोट डाले जो 2018 की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है।दो पैरा एथलीटों को भी आयोग में जगह मिली है। शरत कमल को इस साल देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेलरत्न के लिए भी चुना गया है।वह भारतीय ओलंपिक संघ के एथलीट आयोग के भी उपाध्यक्ष हैं। वह उन दस प्रमुख खिलाड़ियों में से है जिन्हें अगले महीने होने वाले चुनाव से पहले आईओए में चुना गया।

### नेमार ब्राजील से जुड़े , विश्व कप से पहले किया अभ्यास



**तूरिन।** स्टार फॉरवर्ड नेमार ने विश्व कप से पहले पहली बार ब्राजील फुटबॉल टीम के साथ अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। फ्रांस से उड़ान की दिक्कत के कारण वह देर से टीम से जुड़े। फ्रांस में पेरिस सेंट जर्मेन के साथ उन्होंने सत्र का पहला हिस्सा पूरा किया। पीएसजी में ही नेमार के साथ खेलने वाले डिफेंडर मारकिन्हो भी देर से आए और उन्होंने बाद में हलका अभ्यास किया। ब्राजील ने इटली के तूरिन में विश्व कप की तैयारियां शुरू की और शनिवार को कतर रवाना होने से पहले टीम वहीं रहेगी। पांच बार की विश्व कप चैम्पियन ब्राजील 24 नवंबर को पहले मैच में सर्बिया से खेलेगी। उसके बाद उसे स्विटजरलैंड और कैमरून से खेलना है।

## सूर्यकुमार टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी ■ दुबई**



आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण में बेहतरीन प्रदर्शन करके सूर्यकुमार नंबर एक बल्लेबाज बने थे जिसमें उन्होंने पांच पारियों में तीन अर्धशतक जमाए। इससे उन्हें कैरियर के सर्वश्रेष्ठ 869 रेटिंग अंक मिले। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 14 रन पर आउट होने के कारण इसमें दस अंक की गिरावट आई लेकिन उन्होंने शीर्ष स्थान कायम रखा। सूर्य ने विश्व कप में 189 . 68 की स्ट्राइक रेट से 239 रन बनाए और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे। इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स ने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में 47 गेंद में नाबाद 86 रन बनाए और 22 पायदान चढकर 12वें स्थान पर आ गए। शीर्ष दस में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम एक पायदान चढकर तीसरे स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसोयू सातवें स्थान पर आ गए जबकि न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स एक पायदान खिसककर आठवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान दूसरे स्थान पर और दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम पांचवें स्थान पर बने हुए हैं जबकि डेवोन कोंवे चौथे स्थान पर खिसक गए। गेंदबाजों में इंग्लैंड के आदिल रशीद पांच पायदान चढकर तीसरे स्थान पर आ गए। उन्होंने सेमीफाइनल में भारत और फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट और फाइनल में प्लेयर आफ द मैच रहे सैम कुरेन दो पायदान चढकर पांचवें स्थान पर आ गए। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि दूसरे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान हैं। हरफनमौलाओं में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन शीर्ष, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी दूसरे और भारत के हार्दिक पंड्या तीसरे स्थान पर हैं।

## डब्ल्यूटीए के 2023 कार्यक्रम में चीन में कोई टूर्नामेंट नहीं




**सेंट पीटर्सबर्ग।** डब्ल्यूटीए टूर ने 2023 के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है जिसमें सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन तक चीन में कोई टूर्नामेंट नहीं होना है। महिला टेनिस टूर ने अपने टूर्नामेंटों का कार्यक्रम मंगलवार को जारी किया। सत्र का आखिरी डब्ल्यूटीए फाइनल्स 2030 तक चीन के शेंझेन में होना है लेकिन 2020 में कोरोना महामारी के कारण इसका आयोजन नहीं किया गया। इसके बाद 2021 में मेक्सिको और इस साल टैक्सास में इसे आयोजित किया गया। टूर के सीईओ स्टीव सिमोन ने एपी को दिए इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें नहीं पता कि 2023 में यह टूर्नामेंट कहां खेला जाएगा। उन्होंने कहा था कि चीन में इसके आयोजन से पहले कुछ मसलों का हल निकाला होगा। उन्होंने टेनिस स्टार पेंग शुआइ की सुरक्षा और कोरोना प्रतिबंधों का जिक्र किया। ग्रैंड स्लैम युगल चैम्पियन शुआइ एक पूर्व सरकारी अधिकारी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने के बाद से लापता है। वह फरवरी में बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के दौरान एक दो चौकों पर नजर आई थी। उनकी सुरक्षा के मसले को लेकर डब्ल्यूटीए ने चीन में अपने सारे टूर्नामेंट रद्द कर दिए थे।

**टी20 श्रृंखला** रोड्स ने कहा, न्यूजीलैड गई टीम के खिलाड़ी काफी युवा हैं, जिन पर बीसीसीआई को निवेश करना चाहिए।

## अर्शदीप में बेजोड़ क्षमता पर अकरम से तुलना करने से दबाव में आएगा: रोड्स

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्टार क्रिकेटर जोंटी रोड्स का मानना है कि अर्शदीप सिंह ने क्रिकेटर के रूप में जबर्दस्त प्रगति की है और उनमें बेजोड़ क्षमता है लेकिन महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम के साथ तुलना करने से उस पर दबाव बनेगा। भारत के 23 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने टी20 विश्व कप में भारत के अभियान के दौरान प्रभावित किया जहां भारत को अंततः चैंपियन बने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। गेंद को दोनों ओर स्विंग कराने में सक्षम अर्शदीप टी20 विश्व कप में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने छह मैच में 10 विकेट चटकाए और इस दौरान 7.80 रन प्रति ओवर की गति से रन दिए। रोड्स ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान





संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि स्विंग के सुल्तान महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम से तुलना से वह काफी दबाव में आ जाएगा। उन्होंने कहा, अर्शदीप ने निश्चित तौर पर पिछले दो साल में प्रगति की है और अन्य भारतीय तेज गेंदबाजों के साथ भी ऐसा ही है। आप बुमराह को देखिए और उसने इतनी तेजी से प्रगति की और अर्शदीप ने भी ऐसा की किया, वह युवा तेज गेंदबाज है। वह सीखने और आपकी बातें सुनने को तैयार रहता है और कड़ी मेहनत करना है। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, वह गेंद को स्विंग कराता है और डेथ ओवरों में उसने शानदार गेंदबाजी की है। वह पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी करता है, गेंद पर उसका अच्छा नियंत्रण है और वसीम अकरम की तरह अराउंड द विकेट गेंदबाजी प्रभावी तरीके से कर सकता है। इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में अर्शदीप के साथ काम कर चुके रोड्स का मानना है कि इस युवा तेज गेंदबाज में काफी क्षमता है। लगातार दो टी20 विश्व कप में निराशा के बाद भारतीय टीम में युवा खिलाड़ियों के सीनियर खिलाड़ियों की जगह लेने की उम्मीद है। यह पूछने पर कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को किन खिलाड़ियों पर निवेश करना चाहिए , रोड्स ने कहा, न्यूजीलैंड गई टीम के खिलाड़ी काफी युवा हैं जिन पर बीसीसीआई को निवेश करना चाहिए। इसके अलावा कुछ और शानदार खिलाड़ी मौके मिलने का इंतजार कर रहे हैं। शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है जबकि शुभमन गिल, उमरान मलिक, इशान किशन और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलेगा। रोड्स ने कहा कि इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने का काफी फायदा मिला है। उन्होंने साथ ही टी10 प्रारूप का पक्ष लेते हुए कहा कि यह ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसी बहु खेल प्रतियोगिताओं के लिए अच्छा प्रारूप है।

## प्रेमी ने युवती को चौथी मंजिल से फेंका,मौत

**लखनऊ, (ब्यूरो)।** राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में लव जेहाद के संदेहास्पद मामले में एक युवती को कथित रूप से उसके प्रेमी ने इमारत की चौथी मंजिल से धक्का दे दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। संयुक्त पुलिस आयुक्त पियूष मोर्डिया ने बताया कि डूडा कालोनी के एक मकान की चौथी मंजिल से गिरने से युवती निधि गुप्ता (19) की मौत हो गई है। गिरने की तेज आवाज से मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल युवती को ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि बसंतपुर निवासी सुफियान ने निधि को धक्का दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

## हिमाचल में भूकंप, रिक्टर स्केल पर 4.1 तीव्रता

**शिमला, (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और मंडी जिले में बुधवार रात तेज भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिसके बाद लोग अपने-अपने घरों से बाहर दौड़ पड़े। फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप रात 9 बजकर 21 मिनट पर आया। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.1 मापी गई है। भूकंप का केंद्र मंडी से 27 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में था। बता दें कि इससे पहले बुधवार सुबह ही अरुणाचल प्रदेश में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। ये झटके सुबह करीब 09.55 पर आए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.7 थी।

## सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर फैसला आज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बुधवार को धन शोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर अपना फैसला गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने सत्येंद्र जैन और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दलीलें सुनने के बाद आरोपी सत्येंद्र जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन की जमानत याचिकाओं पर 17 नवंबर को फैसला देना निर्धारित किया। अदालत ने तिहाड़ जेल के अधीक्षक को तीनों आरोपियों को गुरुवार को वीसी के माध्यम से प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

## एक्ट्रेस एंड्रीला शर्मा को आया कार्डियक अरेस्ट

**कोलकाता, (एजेंसी)।** मशहूर बंगाली एक्ट्रेस एंड्रीला शर्मा को कई कार्डियक अरेस्ट आए हैं। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। डॉक्टरों के मुताबिक एंड्रीला को कई बार सीपीआर देना पड़ा, उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। आपको बता दें कि इससे पहले एक्ट्रेस को एक नवंबर को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, तब उनको ब्रेन स्ट्रोक आया था और सर्जरी करनी पड़ी थी।

## आज का इतिहास

- **1525:** मुगल शासक बाबर ने भारत मे सिंध के रास्ते पांचवीं बार प्रवेश किया।
- **1558:** महारानी मैरी ट्यूदोर निधन के बाद एलिजाबेथ प्रथम ब्रिटेन की राजगद्दी पर बैठी।
- **1869:** दस साल के निर्माण कार्य के बाद स्वेज नहर को यातायात के लिए खोल दिया गया।
- **1922:** चिकित्सा के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अमेरिकी चिकित्सक स्टैनले कोहेन का जन्म।
- **1928:** भारतीय स्वतंत्रता सेनानी लाला लाजपत राय का निधन।
- **1932:** तीसरे गोलमेज सम्मेलन की शुरुआत हुई।
- **1933:** अमेरिका की सोवियत संघ को मान्यता देते हुए व्यापार के लिए सहमति
- **1939:** नाजियों ने प्राग यूनिवर्सिटी में घुसकर छात्रों को मौत के घाट उतार दिया था। उन बच्चों की याद में 17 नवंबर को 'अंतरराष्ट्रीय छात्र दिवस' मनाया जाता है।

## 50 साल बाद फिर मून मिशन पर नासा

# आर्टेमिस-1 ने चांद के लिए भरी उड़ान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा एक बार फिर चंद्रमा को खंगालने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। 50 साल पहले अपने अपोलो कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पहली बार अमेरिका अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर भेजने की कवायद में लगा है। इस कड़ी में नासा के नये चंद्र रॉकेट आर्टेमिस-1 बुधवार को तीन परीक्षण डमी के साथ अपनी पहली उड़ान भरी। यदि तीन-सप्ताह की परीक्षण उड़ान सफल हुई तो रॉकेट चालक दल के एक खाली कैप्सूल को चंद्रमा के चारों ओर एक चौड़ी कक्षा में ले जाएगा और फिर कैप्सूल दिसंबर में प्रशांत क्षेत्र में पृथ्वी पर वापस आ जाएगा।

कई साल की देरी और अरबों से ज्यादा की लागत के बाद, अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट ने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी। ओरियन कैप्सूल को रॉकेट के शीर्ष पर रखा गया था, जो उड़ान के दो घंटे से भी कम समय में पृथ्वी की कक्षा से निकलकर चंद्रमा की ओर जाने के लिए तैयार था। इससे पहले करीब तीन महीने तक रॉकेट के



ईंधन में रिसाव होता रहा। सितंबर के आखिर में समुद्री तूफान इयान के कारण इसका प्रक्षेपण नहीं हो सका।

गौरतलब है कि यह मिशन अमेरिका के प्रोजेक्ट अपोलो का अगला चरण है। प्रोजेक्ट अपोलो में 1969 से 1972 के बीच 12 अंतरिक्ष यात्रियों ने चंद्रमा पर चहलकदमी की थी। इस प्रक्षेपण से नासा के आर्टेमिस चंद्र अन्वेषण अभियान की शुरुआत मानी जा रही है।

### 2024 की अगली उड़ान में चंद्रमा के आसपास चार अंतरिक्ष यात्री भेजेगा

यह नाम पौराणिक मान्यता के अनुसार अपोलो की जुड़वां बहन के नाम पर रखा गया है। प्रक्षेपण निदेशक चार्ली ब्लैकवेल थॉम्पसन ने अपोलो परियोजना के बाद जन्मे सभी लोगों का जिक्र करते हुए कहा कि आर्टेमिस वाली पीढ़ी, यह आपके लिए है। नासा का उद्देश्य 2024 में अगली उड़ान में चंद्रमा के आसपास अपने चार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने का और फिर 2025 में आम लोगों को वहां उतारने का है। नासा की चंद्रमा पर एक बेस बनाने तथा 2030 और 2040 के दशक के अंत तक मंगल पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की भी है। ओरियन के पृथ्वी से 3,70,000 किलोमीटर से अधिक दूर चंद्रमा पर सोमवार तक पहुंचने की उम्मीद है। ओरियन कैप्सूल अंतरिक्ष यात्रियों को केवल चंद्रमा की कक्षा तक ले जाएगा, सतह तक नहीं। करीब 4।1 अरब डॉलर की लागत वाली परीक्षण उड़ान 25 दिन तक चल सकती है। नासा ने अपोलो के चंद्र लैंडर की तरह 21वीं सदी में स्टारशिप विकसित करने के लिए एलन मस्क के स्पेसएक्स को किराये पर लिया है।

## लद्दाख की जामिया मस्जिद में आग से भारी नुकसान



**लेह ■ एजेंसी**

लद्दाख के द्रास में मौजूद जामिया मस्जिद में भीषण आग लग गई है। इस आग की वजह से जामिया मस्जिद को काफी नुकसान पहुंचा है। मौके पर पहुंची आर्मी और पुलिस ने आग पर काबू पा लिया है और आगे की जांच की जा रही है। समझने का प्रयास है कि आखिर कैसे इतनी भीषण आग मस्जिद में लग गई।जो तस्वीरें और वीडियो सामने आई हैं, उनमें मस्जिद आग की लपटों से घिरी नजर आ रही है। पूरी मस्जिद ही आग की चपेट में है और आसमान में धुएं का बड़ा गुबार देखने को मिल रहा है।

घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली थी, तुरंत मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया गया। आर्मी द्वारा भी पूरा सहयोग दिया गया और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन आग इतनी भीषण रही कि मस्जिद को नुकसान से नहीं बचाया जा सके।जारी बयान में मस्जिद के केयरटेकर ने कहा है कि ये सबसे पुरानी मस्जिद है। द्रास एक संवेदनशील इलाका है, लेकिन फिर भी यहां पर एक भी फायर सर्विस नहीं थी। पहले भी यहां ऐसे हादसे हुए हैं, लेकिन प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। अभी के लिए आग पर तो काबू पा लिया गया है लेकिन मस्जिद में बड़े स्तर पर नुकसान हुआ है। कहा जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी है।

## जी20 समिट : राष्ट्राध्यक्षों को नायाब तोहफे देकर भारत लौटे प्रधानमंत्री मोदी

# ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक बोले- ट्रेड डील को लेकर भारत से की बात

**बाली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी20 समिट में हिस्सा लेने के बाद इंडोनेशिया के बाली से भारत रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए बाली में थे। सम्मेलन मंगलवार को शुरू हुआ था। पीएम मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ अनौपचारिक बातचीत की थी और कई मुद्दों पर विचार साझा किए।



**अगले वर्ष भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में आने का राष्ट्राध्यक्षों को न्योता दिया**

जी20 शिखर सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार से कहा, कि वह भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर प्रतिबद्ध हैं। बाली में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर मीडिया से बातचीत के दौरान सुनक ने ये भी कहा कि उन्हें विश्वास है कि ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका अपने आर्थिक संबंधों को बेहतर कर सकते हैं, लेकिन उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से व्यापार समझौते को लेकर मुलाकात के दौरान कोई बात नहीं की।

### कनाडाई पीएम ट्रूडो पर भड़क उठे चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग, दे डाली नसीहत

**बाली, (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर बैठक के दौरान मिले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हॉट-टॉक का वाकया सामने आया है। दरअसल, इस हैरान कर देने वाली घटना का वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, दोनों वैश्विक नेताओं के बीच 15 नंवबर को मुलाकात हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच हुई वार्ता की डिटेल मीडिया में आने को लेकर जिनपिंग भड़क गए। बाद में एक सत्र के दौरान जस्टिन ट्रूडो से सामना होते ही चीनी राष्ट्रपति ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह इस तरह बात करने का कोई तरीका नहीं होता कि सारी बातों की जानकारी मीडिया को दे दी जाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिनपिंग ने कहा कि दोनों के बीच की बातचीत की डिटेल कनाडाई पीएम के ऑफिस ने मीडिया को सौंप दी। ये ठीक नहीं है। जिनपिंग ने आगे कहा कि जिस तरह से बातचीत हुई ये भी ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि आप अगर सिंसियर हैं तो आपको सम्मानजनक से बात करनी चाहिए। इस दौरान जिनपिंग ने कनाडाई पीएम को अंजाम भुगतने की चेतावनी भी दी। वहीं, जिनपिंग की ये बातें सुन रहे जस्टिन ट्रूडो दुभाषिए का ही इंतजार करते रह गए।





### शाह की मौजूदगी में भूपेंद्र पटेल ने भरा नामांकन

**गांधीनगर (एजेंसी)।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सत्तारूढ़ भाजपा उम्मीदवार के तौर पर अहमदाबाद की घाटलोडिया सीट से बुधवार को नामांकन पत्र भरा। इस मौके पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ अन्य वरिष्ठ नेता तथा साधु-संत भी उपस्थित रहे। इससे पहले श्री पटेल ने अडालज त्रिमंदिर में श्री दादा भगवान का पूजन किया। उसके बाद भव्य रोड शो के साथ घाटलोडिया मध्यस्थ कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया।

## कल से एकजुट का दो दिनी सम्मेलन

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** 18 एवं 19 नवंबर को होने वाले प्रान्तीय सम्मेलन व शैक्षिक विचार गोष्ठी के सफल आयोजन के लिए उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) आयोजन मंडल बैठक अभा सरदार पटेल सेवा संस्थान आलोपी बाग प्रयागराज में कार्यक्रम के संयोजक और संघ के प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई।

**माध्यमिक शिक्षा मंत्री शामिल होंगी**

इसमें कार्यकम आयोजक मंडल के समस्त पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने और उसकी रूपरेखा की तैयारी हेतु व्यापक चर्चा परिचर्चा की। चिंतन शिविर संगोष्ठी के प्रथम दिन 18 नवंबर को मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री श्रीमती गुलाब देवी के स्वागत और आयोजन के तैयारियों का जायजा लिया गया। संगोष्ठी के संयोजक डॉ हरि प्रकाश यादव ने बताया कि इस सम्मेलन मे पूरे प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयो के शिक्षक प्रतिभाग करेंगे तथा सम्मेलन मे प्रतिभाग करने वाले शिक्षक- शिक्षिकाओ के लिए आने जाने के दिवसो के साथ 18व19 नवंबर का विशेष अवकाश अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) ने स्वीकृत किया है।

## उप्र सरकार ने आठ शिक्षकों को शोध करने दिया 12 लाख रु का अनुदान

**प्रयागराज ■ ब्यूरो**

उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि ने शोध एवं विकास के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। टंडन मुक्त विवि को उच्च शिक्षा में शोध के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश शासन से अभी तक की सर्वाधिक सात शोध परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए लगभग 12 लाख रुपए की ग्रांट स्वीकृत की गई है।

कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह द्वारा लगातार शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के प्रयास से यह संभव हुआ है। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि मुक्त विवि इन शोध परियोजनाओं को पूर्ण करके शोध के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा। इसके साथ ही विवि की प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी। हाल ही में यूजीसी ने भी मुक्त विवि के कोर्स को रेगुलर कोर्स के समतुल्य करार दिया है। इसी वर्ष से विश्वविद्यालय ने रेगुलर शोध कार्य प्रारंभ किया है। ऐसे में यह शोध परियोजनाएं विवि के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। उप्र राजर्षि टंडन मुक्त विवि के प्रोफेसर पीके पांडेय, प्रोफेसर एस कुमार, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, डॉ आनंदानंद त्रिपाठी एवं डॉ त्रिविक्रम तिवारी( संयुक्त रूप से), डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ श्रुति एवं डॉ ज्ञान प्रकाश यादव को शोध परियोजनाओं के लिए लगभग 12 लाख की ग्रांट स्वीकृत हुई है।



**शोध के क्षेत्र में टंडन मुक्त विवि का लंबी छलांग**

## सौर ऊर्जा और पर्यटन नीति समेत 24 प्रस्तावों को मंजूरी

**लखनऊ ■ ब्यूरो**

बुधवार को योगी आदित्यनाथ सरकार की कैबिनेट बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुलाई गई कैबिनेट बैठक में करीब 24 प्रस्ताव पास किए गए हैं। बैठक में नई पर्यटन नीति को भी मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट की नई पर्यटन नीति को मंजूरी मिलने के साथ ही पुराने महलों को हेरिटेज होटल में बदलने का रास्ता साफ हो गया है।

अब योगी सरकार की मदद से महलों और पुरानी हवेलियों को हेरिटेज होटल के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही पिछड़े इलाकों बुंदेलखंड और पूर्वांचल आदि में सरकार 20 किमी तक की लाइन बिछाने की सरकार मदद करेगी। बता दें कि उत्तरप्रदेश का शीतकालीन विधानसभा सत्र 5 दिसंबर से शुरू होगा।



**यूपी कैबिनेट : विधानमंडल का शीतकालीन सत्र पांच दिसंबर से होगा शुरू**

**आईटी सिटी-आईटी पार्क बनाने पर यूपी में मिलेगी रियायत:** उप्र में आईटी सिटी और आईटी पार्क बनाने पर निजी क्षेत्र के निवेशकों को सरकार 20-25 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी प्रदान करेगी। साथ ही स्टांप ड्यूटी में 100 प्रतिशत तक छूट मिलेगी।

**यूपी में पर्यटन को लगेंगे पंख, बनेंगे रामायण और महाभारत सर्किट:** उप्र सरकार ने नई पर्यटन नीति को मंजूरी प्रदान की है जिसके बाद धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों के अलग-अलग सर्किट का विकास किया जाएगा।। जिन नए पर्यटन गंतव्यों का विकास किया जाएगा, उसमें रामायण सर्किट प्रमुख होगा। रामायण सर्किट में अयोध्या, चित्रकूट, बिठूर समेत अन्य धार्मिक स्थल शामिल होंगे।

**अगले पांच साल में 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन करेगा यूपी:** उप्र सरकार ने सौर ऊर्जा नीति-2022 को मंजूरी दी है जिसके तहत अगले पांच साल में सौर ऊर्जा परियोजनाओं से 22 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा गया है।

## कड़ाके की ठंड में भी बदरी विशाल के दर्शन को उमड़ रहा है श्रद्धालुओं का सैलाब

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** उत्तराखंड में भारी बर्फबारी के कारण पड़ रही जबरदस्त ठंड के बीच बदरीनाथ धाम के कपाट अभी बंद नहीं हुए हैं और कड़ाके की ठंड के बावजूद दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। उत्तराखंड सरकार के अनुसार बदरीनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। कई फुट तक गिरी बर्फ की परवाह किए बिना श्रद्धालु किस कदर बदरी नारायण के दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अकेले सोमवार 14 नवंबर को 4311 श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किये। बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे। कोरोना के कारण दो साल तक बदरीनाथ की यात्रा बाधित रहने के बाद इस वर्ष मई में पूरे जोशो-खरोश के साथ शुरु हुई थी।

**चूक** पोलैंड और नाटो ने रूस पर आरोपों से किया इनकार, कहा

# गलती से दागी गई थी यूक्रेनी मिसाइल

**वारसा, (एजेंसी)।** पोलैंड और सैन्य गठबंधन नाटो ने पोलैंड के गांव में मिसाइल हमले के मामले में रूस को क्लीन चिट दे दी है। कहा है कि पोलैंड के ग्रामीण क्षेत्र में मंगलवार रात हुआ मिसाइल हमला रूस की ओर से नहीं था। हमले के लिए रूस को जिम्मेदार ठहराने के लिए कोई साक्ष्य नहीं हैं। इस हमले में दो लोगों की मौत हुई है।



माना जा रहा है कि यह मिसाइल यूक्रेन के रूस निर्मित एयर डिफेंस सिस्टम से छोड़ी गई थी, जो पोलैंड के सीमावर्ती गांव में आ गिरी। यूक्रेन के एयर डिफेंस सिस्टम ने यह मिसाइल रूसी मिसाइल हमले को विफल करने के लिए छोड़ी थी।यूक्रेन ने बचाव में दागी थी मिसाइल पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रजेज डूडा ने कहा है कि यूक्रेन के डिफेंस सिस्टम ने एक साथ कई दिशाओं में मिसाइलें दागीं। उन्हीं में से एक मिसाइल सीमा पार कर पोलैंड के गांव में आ गिरी। इसके अतिरिक्त कोई मामला नहीं है, बिल्कुल नहीं है। इसे पोलैंड पर जान-बूझकर हमला नहीं कहा जा सकता है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के महासचिव जेंस स्टोल्टेनबर्ग ने ब्रसेल्स में बैठक के बाद कहा, हमारे पास ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे इस मिसाइल हमले को रूस के हमलों से जोड़ा जा सके।नाटो ने कहा- यूक्रेन की गलती नहीं, नाटो प्रमुख ने कहा कि यह यूक्रेन की गलती भी नहीं थी।

### बाइडेन ने इस पर जी-7 देशों संग बैठक की

**नुसा दुआ, (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को कहा कि इस बात की संभावना काफी कम है कि रूस ने पोलैंड में मिसाइल दागी है। बता दें कि नाटो सहयोगी पोलैंड में दागी गई मिसाइल की चपेट में आने से दोलोगों की मौत हो गई है। इस घटना पर बाइडेन ने कहा कि जो भी हो, वह पोलैंड की जांच का समर्थन करेंगे जिसमें मिसाइल को 'रूस निर्मित' बताया गया है। नाटो के सहयोगी पोलैंड ने कहा था कि 'रूस निर्मित' एक मिसाइल यूक्रेन सीमा के पास देश के पूर्वी हिस्से में गिरी, जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बाइडेन ने इंडोनेशिया में जी-7 और नाटो देशों के नेताओं की एक 'आपात' बैठक बुलाई। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ शामिल हैं। बाइडेन जी-20 समिट में हिस्सा लेने के लिए इंडोनेशिया पहुंचे हैं। मिसाइल को रूस द्वारा दागे जाने के सवालों पर उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच इसका खंडन करती है। उन्होंने कहा कि ट्रांजैक्टरी को देखते हुए मिसाइल के रूस द्वारा दागे जाने की संभावना तो नहीं है, लेकिन हम इस पर गौर करेंगे।

## आरबीआई की सिफारिश से काले धन पर लगाम लगाने की थी नोटबंदी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** 2016 में हुई नोटबंदी का केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुरजोर बचाव किया है। कोर्ट में दाखिल हलफनामे में सरकार ने बताया है कि यह टैक्स चोरी रोकने और काले धन पर लगाम लगाने के लिए लागू की गई सोची-समझी योजना थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र ने किया योजना का बचाव**

नकली नोटों की समस्या से निपटना और आतंकवादियों की फंडिंग को रोकना भी इसका मकसद था। सरकार ने कहा कि इसकी सिफारिश रिजर्व बैंक ने की थी। इसे काफी चर्चा और तैयारी के बाद लागू किया गया था। 8 नवंबर 2016 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 रुपए के पुराने नोटों को वापस लेने का की घोषणा की थी। इसके बाद लोगों को कुछ समय तक करेंसी नोट की कमी का सामना करना पड़ा था।

## उद्योग मंत्रियों के सम्मेलन की इस्पात मंत्रालय ने की मेजबानी



**नई दिल्ली, (ब्यूरो)।** संपूर्ण सरकार वाले दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ते हुए, भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को नई दिल्ली में राज्य सरकारों के उद्योग/खान/इस्पात मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी की, जिसका उद्देश्य राज्य और केंद्र सरकारों को इस क्षेत्र में कच्चे माल का खनन, विकास और भविष्य की चुनौतियों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करना है।

उद्घाटन भाषण में, केंद्रीय इस्पात और नागरिक उड्डयन मंत्री, श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने भारत के इस्पात क्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और कहा कि पिछले आठ वर्षों में इस क्षेत्र में बहुत ठोस प्रगति और वृद्धि हुई है। मंत्री ने राज्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में इस्पात की खपत को बढ़ाने, इस्पात बनाने में सभी श्रेणी के लौह अयस्कों का उपयोग करने, खानों की समय पर नीलामी करने, रीसाइक्लिंग उद्योग को औपचारिक रूप प्रदान करने और जर्जर हो चुके वाहनों को स्क्रैप करने के लिए सभी ठोस प्रयास करने का आग्रह किया। इन मापदंडों से ये क्षेत्र भविष्य के लिए अनुकूल बनेंगे और इस्पात क्षेत्र को चिरस्थायी बनाएंगे।

प्रधानमंत्री ने हरित इस्पात के उत्पादन पर बल दिया है जो विशेष रूप से महत्वपूर्ण है और अब इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए सही कदम उठाने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि सरकार शून्य अपशिष्ट-शून्य क्षति वाली नीति में विश्वास करती है और धीरे-धीरे इस्पात क्षेत्र का अकार्बनीकरण करना आवश्यक है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।